*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 मार्च, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 157

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## रांची पहुंचते ही आक्रामक तेवर अपनाया झामुमो की पूर्व विधायक ने

# दुर्गा सोरेन की मौत की जांच हो : सीता

- दुर्गा सोरेन की मौत स्वाभाविक नहीं, जांच की मांग को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा में शामिल होने के बाद झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन गुरुवार को रांची पहुंचीं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उन्होंने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 19 तारीख को मैंने भाजपा ज्वाइन की। मोदी जी के विशाल परिवार में मैंने योगदान दिया। इस परिवार में आने के बाद मुझे खुशनुमा वातावरण मिला। मुझे 14 साल के संघर्ष में भी वह सम्मान झामुमो में नहीं मिला, जिसकी मैं हकदार थी। मेरे पति दुर्गा सोरेन और ससुर शिबू सोरेन ने झारखंड को अलग राज्य बनाया। दुर्गा सोरेन जी का अहम योगदान था इस राज्य को बनाने में। वह वंचितों-शोषितों के लिए काम करते थे, लेकिन, बाद में उनका सपना अधूरा रह गया।




### हमें परिवार से अलग-थलग कर दिया गया

सीता सोरेन ने कहा कि मेरे पति के सपने को झामुमो पूरा नहीं कर पाया। मेरे छोटे-छोटे बच्चों को मैंने किस तरह पाला, यह मैं ही जानती हूं। मेरे बच्चों को और मुझे पीड़ा का सामना करना पड़ा। मुझे दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पहले जब मेरे ससुर की तबीयत ठीक थी, तब वह हमें देखते थे। बाद में जब उनकी तबीयत खराब होने लगी, तो हमें परिवार से अलग-थलग रखा गया। मैंने झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल होने का जो निर्णय लिया, वह मेरा व्यक्तिगत निर्णय है। इसमें कोई राजनीतिक षडयंत्र नहीं है।

**दुर्गा सोरेन अपमान बर्दास्त नहीं करुंगी:** सीता सोरेन ने कहा कि मोदी जी के विशाल परिवार में आना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने देश दुनिया को रौशन करने के लिए बीड़ा उठाया है। उनकी विचारधारा से ही विकास होगा। कई ऐसे कामों को, जो मैं झामुमो में रह कर नहीं कर पायी, उनको मैं आपको बताना चाहूंगी। सीता सोरेन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया था कि उनके पति दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगायी जाये, लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया। मैंने पति की असामयिक मौत की जांच की मांग की थी, उसे भी अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस दिन कल्पना मुर्मू सोरेन गिरिडीह गयी थीं, तब पति दुर्गा सोरेन का अपमान हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन का नाम तक नहीं लिया। मैं उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगी।

### भाजपा में ही महिलाओं का विकास है

भाजपा में आज महिलाओं को, नारी शक्ति को जिस तरह से सम्मान मिल रहा है, उसे ही देखते हुए मैंने यह निर्णय लिया कि मैं इसमें शामिल हो जाऊंगी। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जो कि एक छोटे से गांव से आती हैं, उनको राष्ट्रपति बनाया गया। राज्यसभा, लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण मिला। इससे यह पता चलता है कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का विकास है।

**झामुमो पर साधा निशाना :** सीता सोरेन ने कहा कि जब तक दुर्गा सोरेन जी थे, तब तक झामुमो का नीति सिद्धांत ठीक था। आज उनके नहीं रहने पर सभी मूल भावनाओं से भटक गये हैं। आज दलालों की मनमानी चलती है। ऐसे में हमारे झारखंड के आदिवासी-मूलवासी का विकास कैसे होगा। ये झारखंड अभी तक अंधेरे में डूबा हुआ है। हमको इसको उजाले में लाने के लिए यह कदम उठाना पड़ा। दुर्गा सोरेन जी का सपना इन्हीं सिद्धांतों पर चल कर होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का कोई अस्तित्व नहीं रह गया है। दलाल किस्म के लोग उसमें शामिल हो गये हैं।

झारखंड में 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। सीता सोरेन ने दुमका में हेमंत सोरेन से मुकाबला होने के सवाल पर कहा कि मैदान में जो भी आये, जीत कमल की होगी।

## अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

**नरेंद्र मोदी**



**लोकसभा चुनाव** के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आयी, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रही हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठ कर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किये जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आयी, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निःस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन कर-के ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हरसंभव मदद करने के लिए तैयार हैं। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग-अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे।

(शेष पेज 05 पर)

## न्यूज रील्स

### गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू को देने की घोषणा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए झारखंड की गिरिडीह लोकसभा सीट आजसू पार्टी के खाते में गयी है। एनडीए के घटक दल आजसू द्वारा अब इस सीट से प्रत्याशी की घोषणा की जायेगी। फिलहाल आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से सांसद हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि भाजपा ने आजसू के साथ पुराने और स्वाभाविक गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में भाजपा और एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी के उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। अब आजसू की ओर से उम्मीदवार की घोषणा की जायेगी।

### शिवसेना में शामिल हुए अभिनेता गोविंदा

मुंबई। अभिनेता गोविंदा गुरुवार को शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद यह अटकलें लगायी जा रही हैं कि शिंदे की पार्टी उन्हें मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। ऐसा हुआ तो वे शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

### सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार: राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि सेना को युवाओं की जरूरत है। मुझे लगता है कि युवा उत्साह से भरा होता है। वे टेक-लवर होते हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। केंद्र सरकार ने 14 जून 2022 को सेना की तीनों शाखाओं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं की बड़ी संख्या में भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी।

# कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी

- पार्टी के प्रदेश प्रभारी ने दिलायी सदस्यता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। बता दें कि रामटहल चौधरी तीन बार रांची से सांसद रहे हैं। भाजपा से 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद वह नाराज हो गये और उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। उस चुनाव में रामटहल चौधरी भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के खिलाफ निर्दलीय मैदान में उतरे। उस चुनाव में रामटहल चौधरी को मात्र 29 हजार वोट से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस में शामिल होने के बाद रामटहल ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की।



जातीय जनगणना की मांग उठायी, उससे मैं काफी प्रभावित हूं। उन्होंने कहा कि मैं जातीय जनगणना का समर्थक हूं, क्योंकि इससे ही वर्गों की हिस्सेदारी तय होगी। देशभर में इसकी मांग हो रही है। समावेशी और सेक्यूलर भारत के निर्माण के लिए कांग्रेस उपयुक्त है। इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पवन खेड़ा, सुबोधकांत सहाय और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम शामिल उपस्थित थे।। रामटहल चौधरी ने इस दौरान सुबोधकांत सहाय और शहजादा अनवर का शुक्रिया अदा किया।

# देश के 600 नामी वकीलों ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखा

- कुछ खास समूह न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं
- वकीलों के पत्र पर प्रधानमंत्री ने कहा : दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को देशभर के प्रमुख वकीलों ने पत्र लिखा है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पत्र की कॉपी को रिपोस्ट कर लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। नरेंद्र मोदी ने कहा, लगभग 50 साल पहले कांग्रेस ने बेशर्मी से अपने स्वार्थों को दुनिया के सामने रखा था। आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के बयान से पहले देशभर के लगभग 600 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा। पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआइ) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सरीखे नामीअधिवक्ताओं के नाम शामिल हैं। इन वकीलों ने चिट्ठी में न्यापालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर चिंता जतायी है। इन वकीलों का कहना है कि कुछ 'खास समूह' न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और कोर्ट के फैसलों पर असर डाल रहे हैं।

# झारखंड में मुख्य सचिव रैंक में हो जायेगा अधिकारियों का टोटा

- मुख्य सचिव रैंक में आने के लिए 30 वर्ष की सेवा जरूरी

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** अगले कुछ माह में झारखंड में विकट स्थिति उत्पन्न होनेवाली है। इस राज्य में मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों की भारी कमी हो जायेगी। सूबे में मुख्य सचिव रैंक के चार अधिकारियों का पद है। 31 मार्च को राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्य सचिव रहे सुखदेव सिंह और सीएस रैंक के ही राजीव अरुण एक्का सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इन अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बावजूद तकनीकी कारणों से उनके पद पर किसी अधिकारी को प्रोन्नति नहीं मिलेगी। वर्तमान में एल ख्यांग्ते राज्य के मुख्य सचिव हैं। ख्यांग्ते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी किसी को प्रोन्नति नहीं मिलेगी। 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक झारखंड में सीएस रैंक में सिर्फ अविनाश कुमार बचेंगे। लिहाजा वह मुख्य सचिव बन सकते हैं। राज्य के आइएएस अधिकारियों को 31 दिसंबर तक सीएस रैंक में प्रोन्नति के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

### कई आइपीएस अधिकारी होंगे जल्द सेवानिवृत्त

अप्रैल माह में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे डीजी रैंक के आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वह यूपीएससी के पैनल में भी शामिल हैं। इनके स्थान पर सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता यूपीएससी के पैनल में शामिल हो जायेंगे। अगले वर्ष 2025 में डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता, मुख्यालय के एडीजीपी आरके मलिक और ऊर्जा विभाग के निगरानी के एडीजीपी मुरारीलाल मीणा सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इन अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद पुलिस हाउसिंग बिल्डिंग के एमडी प्रशांत सिंह के बैच के अधिकारियों को डीजी रैंक में प्रोन्नति मिल सकती है।

**क्या है कारण :** मुख्य सचिव रैंक में उन्हीं अधिकारियों को प्रोन्नति दी जाती है, जिनकी सेवा कम से कम 30 वर्ष हो। झारखंड में 1 जनवरी से पहले कोई ऐसा अधिकारी नहीं है, जिसकी सेवा 30 वर्ष पूरी हो रही है। 1 जनवरी 2025 को 1995 बैच के आइएएस अधिकारी प्रोन्नति के काबिल होंगे।

**क्या है विकल्प :** सरकार के पास इस अवधि में मुख्य सचिव को अगर बदलना है, तो वह किसी अधिकारी को प्रभारी मुख्य सचिव के तौर पर नियुक्त कर सकती है या फिर मुख्य सचिव रैंक में जो अधिकारी बचेंगे, उन्हें उसे पद पर बनाये रख सकती है।

# अरविंद केजरीवाल की इडी हिरासत 1 अप्रैल तक बढ़ी

- मुख्यमंत्री ने कोर्ट में खुद पैरवी की
- कहा, क्या गिरफ्तारी के लिए चार बयान काफी हैं?

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की हिरासत चार दिन और बढ़ा दी है। अब वह 1 अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे। इससे पहले कोर्ट में 39 मिनट सुनवाई चली। केजरीवाल ने खुद अपने केस की पैरवी की।




इडी ने कोर्ट से केजरीवाल की सात दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कुछ देर बाद शाम में फैसला सुनाया गया।

केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। चार बयान दिये गये और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये चार बयान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं? इसके जवाब में इडी ने कहा कि मुख्यमंत्री कानून से ऊपर नहीं हैं। वहीं, कोर्ट में पेशी के लिए जाते वक्त उनसे पूछा गया कि उपराज्यपाल ने कहा था कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा कि ये पॉलिटिकल षड्यंत्र है, जनता इसका जवाब देगी।

### मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली हाइकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ये कोर्ट का काम नहीं है। ये कार्यपालिका का काम है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई संवैधानिक विफलता है, तो राष्ट्रपति या उप-राज्यपाल फैसला करेंगे। इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। हर काम के लिए अलग अगल विंग है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 29 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड फतह के लिए भाजपा ने बदली रणनीति

## ■ इस बार पार्टी ने ओबीसी उम्मीदवारों को दी है विशेष तरजीह

## ■ भाजपा कोटे की सात सामान्य सीटों में पांच प्रत्याशी ओबीसी के

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से अपने कोटे की 13 सीटों पर भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इनमें से सात अनारक्षित सीटें हैं और इन सीटों पर जो उम्मीदवार दिये गये हैं, उससे साफ हो गया है कि झारखंड फतह के लिए भाजपा ने अपनी रणनीति को पूरी तरह बदल दिया है। भाजपा ने झारखंड की सात अनारक्षित सीटों में से पांच पर ओबीसी समुदाय का उम्मीदवार देकर राज्य की बड़ी आबादी को अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश की है। पार्टी ने इन सात में से जिन तीन सीटों पर प्रत्याशी बदला है, उन पर पिछली बार सवर्ण उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उनमें से दो पर ओबीसी समुदाय का उम्मीदवार उतारा गया है। यह पहली बार है, जब भाजपा ने सवर्णों के मुकाबले ओबीसी उम्मीदवारों को ज्यादा तरजीह दी है। भाजपा का यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस बार पार्टी कोई खतरा मोल लेने के पक्ष में नहीं है। इसलिए उसने अपने पांच सीटिंग सांसदों, जयंत सिन्हा (हजारीबाग), सुदर्शन भगत (लोहरदगा), सुनील सोरेन (दुमका), सुनील सिंह (चतरा) और पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) का टिकट काट दिया है। भाजपा ने गिरिडीह सीट अपनी सहयोगी आजसू पार्टी के लिए छोड़ी है, जहां से अभी ओबीसी समुदाय के चंद्रप्रकाश चौधरी सांसद हैं। ऐसी उम्मीद है कि इस बार भी वही मैदान में उतरेंगे। यदि ऐसा हुआ, तो यह झारखंड के लिए एक किस्म का रिकॉर्ड होगा कि छह उम्मीदवार ओबीसी समुदाय से होंगे। इस फैसले के पीछे क्या है भाजपा की रणनीति और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भाजपा ने झारखंड में अपने कोटे की सभी सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा की सूची में जातीय समीकरण का ख्याल रखा गया है। इस सूची की सबसे खास बात यह है कि इस बार भाजपा ने ओबीसी उम्मीदवारों को तरजीह दी है और सवर्ण समुदाय की दो सबसे प्रभावशाली जातियों, राजपूत और कायस्थ का प्रतिनिधित्व शून्य कर दिया है। इसके अलावा पार्टी ने झारखंड़ में दबदबा रखनेवाली कुड़मी, बनिया और यादव जाति के वोट बैंक को साधने के लिए कई उलटफेर किये हैं। भाजपा के इस फॉर्मूले को समझने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से पांच सीटें अनुसूचित जनजाति और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बाकी आठ सीटें सामान्य हैं। इनमें से भाजपा के कोटे में सात और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी के कोटे में एक सीट है।

### क्या है भाजपा की रणनीति

उम्मीदवारों की सूची को जातीय नजरिये से देखने पर साफ हो जाता है कि भाजपा ने इस बार सवर्णों के मुकाबले ओबीसी पर विशेष फोकस किया है। पार्टी ने अपने कोटे की सात सीटों के जरिये जातीय समीकरण के साथ ओबीसी समुदाय को साधने की कोशिश की है। पार्टी ने पांच सीटों पर ओबीसी उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि बाकी दो सीटों में से एक ब्राह्मण को और एक भूमिहार को दी गयी है। पांच ओबीसी उम्मीदवारों में से दो सीट पर कुड़मी, दो पर बनिया और एक पर यादव उम्मीदवार उतारे गये हैं। यही नहीं पार्टी ने अपने पांच सीटिंग (हजारीबाग, धनबाद, चतरा, दुमका और लोहरदगा) सांसदों का टिकट काट दिया है। इनमें से हजारीबाग, धनबाद और चतरा में पिछली बार सवर्ण प्रत्याशी थे, जबकि इस बार केवल चतरा में सवर्ण को टिकट दिया गया है।

भाजपा प्रत्याशियों की सूची में सबसे चौंकानेवाला नाम कालीचरण सिंह का है। कालीचरण सिंह ऐसे पहले प्रत्याशी हैं, जो चतरा के ही मूल निवासी हैं। वह प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। पेशे से शिक्षक रहे हैं और बड़े पत्थर कारोबारी हैं। वह भूमिहार जाति से ताल्लुक रखते हैं। इस सीट पर अलग-अलग पार्टियां बाहरी प्रत्याशियों को उम्मीदवार बनाती रही हैं। कालीचरण सिंह को टिकट देकर भाजपा ने संदेश देने की कोशिश की है कि वह स्थानीयों को भी तरजीह देती है।



### 2019 में अगड़ी जातियों का था दबदबा

2019 के लोकसभा चुनाव में आठ अनारक्षित सीटों में से सात सीट पर लड़ने वाली भाजपा ने हजारीबाग में कायस्थ समाज के जयंत सिन्हा, धनबाद में राजपूत समाज के पीएन सिंह, चतरा में राजपूत समाज के सुनील कुमार सिंह, कोडरमा में यादव समाज की अन्नापूर्णा देवी, जमशदेपुर में कुड़मी समाज के विद्युत वरण महतो, गोड्डा में ब्राह्मण समाज के निशिकांत दुबे और रांची में संजय सेठ को टिकट दिया था और सभी ने जीत भी दर्ज की थी। भाजपा ने जिन छह लोकसभा क्षेत्र में पिछले दो चुनावों में अपने प्रत्याशी बदले हैं, उनमें से चार सीटों पर ओबीसी उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रांची में पिछले चुनाव में रामटहल चौधरी का टिकट काट कर संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया गया था। इस सीट पर पहले भी पिछड़ी जाति के उम्मीदवार थे और बदलाव के बाद भी उसी वर्ग के प्रत्याशी को टिकट दिया गया।

### अनुमानित प्रतिशत के हिसाब से हिस्सेदारी

2019 में भाजपा कोटे की सात अनारक्षित लोकसभा सीटों में से चार (हजारीबाग, धनबाद, चतरा और गोड्डा) पर अगड़ी जाति के उम्मीदवार जीते थे। इस लिहाज से भाजपा ने करीब 53 प्रतिशत भागीदारी अगड़ी जातियों को दी थी। लेकिन आजसू पार्टी की गिरिडीह सीट को जोड़ कर देखा जाये, तो एनडीए के लिहाज से आधी भागीदारी अगड़ी जाति को मिली थी। लेकिन इस बार एनडीए की कुल आठ सीटों में सिर्फ दो सीटें अगड़ी जाति के खाते में गयी हैं। प्रतिशत के लिहाज से 25 प्रतिशत भागीदारी अगड़ी जाति को और पिछड़ी जाति को 75 प्रतिशत भागीदारी दी गयी है।

### झारखंड में जातियों का अनुमानित प्रतिशत

झारखंड में अनुसूचित जनजाति की आबादी करीब 26 प्रतिशत और अनुसूचित जाति की आबादी करीब 12 प्रतिशत है। अन्य जातियों की आबादी अनुमान के आधार पर ही निकाली जाती है। वैसे ओबीसी की राजनीति करने वाले संगठनों का दावा है कि झारखंड में उनकी आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है। अनुमान के मुताबिक पिछड़ी जातियों में सबसे ज्यादा कुड़मी समाज की आबादी 16 प्रतिशत, यादव की 14 प्रतिशत और बनिया, साहू, तेली समाज की 22 प्रतिशत है। झारखंड में सामान्य वर्ग की अनुमानित आबादी 16 प्रतिशत है, जिसमें ब्राह्मणों की आबादी पांच फीसदी मानी जाती है। शेष 11 प्रतिशत में राजपूत, भूमिहार और कायस्थ जाति प्रमुख हैं। जानकारों का कहना है कि इस बार भाजपा हर समीकरण का ख्याल रख कर आगे बढ़ रही है। अब तक भाजपा पर अगड़ी जातियों के प्रति झुकाव का आरोप लगता रहा है। इस मिथक को पार्टी ने इस बार तोड़ दिया। हालांकि इस बात की चर्चा हो रही है कि चार प्रमुख अगड़ी जातियों में से राजपूत और कायस्थ का पत्ता साफ कर भाजपा ने समाज में पैठ रखने वाली इन जातियों को नाराज होने का मौका दे दिया है। वैसे झारखंड में भाजपा की तरफ से कायस्थ समाज का प्रतिनिधित्व राज्यसभा सांसद के रूप में दीपक प्रकाश कर रहे हैं, लेकिन राजपूत पूरी तरह आउट हो गये हैं।


जानकारों का कहना है कि भाजपा की इस रणनीति का लाभ उसे मिलेगा। सवर्ण वोट पहले से भाजपा के पास हैं। यदि उसमें ओबीसी वोट को जोड़ दिया जाये, तो विपक्ष की एकजुटता को इससे मात दी जा सकती है। इसलिए ओबीसी पर फोकस करना भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करनेवाला है।

# पुराने तेवर में लौटे टीएमसी नेता यशवंत सिन्हा, सोशल मीडिया में हो गये सक्रिय, विरोधियों को दी चेतावनी

## हमारी असली उड़ान अभी बाकी है, खेल वहां से जीतूंगा, जहां तुम्हारी हार होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा सोशल मीडिया पर कभी इतना एक्टिव नहीं रहे, जितना अब उन्हें देखा जा रहा है। परिवार में सिर्फ उनकी पत्नी नीलिमा सिन्हा आज से नहीं पिछले कई सालों से सोशल मीडिया में सक्रिय रही हैं। उनके फेसबुक एकाउंट से ही लोगों को उनके पति यानी यशवंत सिन्हा की बाबत थोड़ी-बहुत जानकारी मिलती रही थी, लेकिन अब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनके बेटे जयंत सिन्हा का टिकट क्या काट दिया कि यशवंत सिन्हा सोशल मीडिया पर अचानक से ऐसे सक्रिय हो उठे हैं कि वे रिल्स बना कर न केवल अपनी भड़ास निकाल रहे हैं, बल्कि अपने गुस्से का भी इजहार कर रहे हैं। क्योंकि उनके समर्थकों की मानें तो जिसे शिष्य बनाया था और उसके लिए कभी अपनों से उन्होंने लड़ाई तक की थी, आज उसी शिष्य ने पिता-पुत्र दोनों को भाजपा से बाहर का रास्ता एक तरह से दिखा दिया है।



यशवंत एक बार फिर अपने पुराने तेवर में लौट आये हैं। तभी तीन से चार दशक के दौरान हजारीबाग के राजनीतिक पिच पर चाणक्य कहे जानेवाले यशवंत सिन्हा इस मात से बौखला कर ऐसे सुलग उठे हैं कि टिकट की घोषणा होने के साथ इसका माकूल जवाब फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम पर देने में जुट गये हैं। सोशल मीडिया पर उनके रिल्स उनके छिपे इस गुस्से को जाहिर कर रहे हैं।

सबसे पहला उनका रिल्स एक सप्ताह पहले 21 मार्च को आया था, जिसमें उनके द्वारा कहा जा रहा था कि कह देना उनको कि मैं आ रहा हूं। उनके फेसबुक एकाउंट पर दूसरा रिल्स दूसरे दिन आ गया, जिसमें लिखा गया और डायलॉग में कहा गया कि हमारी असली उड़ान अभी बाकी है। फिर एक रिल्स आयी कि नीति सेवा करने की होनी चाहिए, राज करने की नहीं। इसके बाद फेसबुक एकाउंट पर लक्ष्य तय करके बढ़ रहे हैं। उनका एक और रिल्स आया। अब फील्डिंग थोड़ा ढंग से करना दोस्त, क्योंकि मैदान में अब तेरे बाप आयेंगे और जिसकी हथेली लगा कर तू चलता है, उसका ध्यान रख, क्योंकि पहला विकेट उसी का गिरायेंगे।

24 मार्च को आयी उनके एक और रिल्स में कहा गया कि खेल वहां से जीतूंगा, जहां से तुम्हें हार लगेगा। और मेरी पीठ पीछे बुराई करनेवालों अब तैयार हो जाओ, क्यांकि अगला नंबर तुम्हारा लगेगा। वहीं, होली से पहले यशवंत सिन्हा ने अपनी एक और रिल्स जारी की, जिसमें कहा गया और यह लिखा गया कि क्योंकि मैदान में अब तेरे बाप आयेंगे, बचे हुए विकेट भी गिरायेंगे। फिर होली मनायेंगे। अभी जब चुनावी समर शुरू भी नहीं हुआ है और जिस तरह शुरुआत हुई है, उसमें आगे तल्खियों के साथ चुनावी मैदान में बहुत कुछ दिखनेवाला है।

# पूर्व बीजेपी सांसद रवींद्र पांडेय ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नेताओ का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। गिरिडीह लोकसभा के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय इस वक्त दिल्ली में हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की है। हालांकि बीजेपी से दूसरी बार टिकट कटने के बाद से पूर्व सांसद पार्टी से नाराज चल रहे थे। कई दिनों से इनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा थी। बता दें कि रवींद्र पांडेय कभी कांग्रेस में ही थे। कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के साथ वह पार्टी टिकट के लिए दिल्ली गये थे। टिकट नहीं मिला और उसी समय उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली। उस समय भाजपा ने उन्हें गिरिडीह से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया और वह सांसद बने। पिछले चुनाव में जब उनका टिकट कटा, तो वह इस प्रयास में थे कि विधानसभा चुनाव में उनके पुत्र को टिकट दिया जाये, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हो पाये थे।



# सीता सोरेन पहुंचीं रांची, स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो छोड़ कर बीजेपी का दामन थामने वाली सीता सोरेन दुमका से उम्मीदवार बनाये जाने के बाद गुरुवार को पहली बार रांची पहुंचीं। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में पार्टी आलाकमान का धन्यवाद किया और दुमका लोकसभा सीट से जीत दर्ज करने का दावा किया।

**क्या कहा सीता सोरेन ने :** पत्रकारों से सीता सोरेन ने कहा कि जो बड़ी जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हूं कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। जब उनसे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कोई भी लड़े जीत हमारी होगी। मैं अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हूं। बता दें कि दुमका से सुनील सोरेन को हटा कर सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है।



सीता सोरेन ने हाल ही में झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा देकर विधानसभा से भी त्यागपत्र दे दिया था। हालांकि, उनका त्याग पत्र अभी तक विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार नहीं किया है। बीजेपी में शामिल होने के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। ज्ञात हो कि वह शिबू सोरेन के पुत्र स्व दुर्गा सोरेन की पत्नी और झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी हैं।


# कल्पना सोरेन का चल रहा था फर्जी अकाउंट मामला दर्ज करने के बाद जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का फर्जी एक्स अकाउंट चल रहा था। मामले की जानकारी मिलने के बाद कल्पना सोरेन ने गोंदा थाने में मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि यह फर्जी एक्स अकाउंट जनवरी 2024 से चलाया जा रहा था। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अकाउंट किसके द्वारा चलाया जा रहा है। जिसके द्वारा भी फर्जी अकाउंट चलाया जा रहा है, उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। गोंदा थाना और साइबर थाना की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पदाधिकारियों को जल्द से जल्द दोषियों का पता लगा कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।



# जेपी पटेल मिले अंबा प्रसाद से



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार जेपी पटेल ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात की है। अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया के जरिये जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग स्थित आवास में इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी सह मांडू विधानसभा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने मुलाकात की। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति एवं आवश्यक चुनावी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बता दें कि बीजेपी के विधायक रहे जेपी भाई पटेल जब कांग्रेस में शामिल नहीं हुए थे, तब अंबा प्रसाद का नाम ही सुर्खियों में था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.7 °c | 18.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



## सुदेश महतो के आवास पर पहुंचे बाबूलाल मरांडी और दीपक प्रकाश

# सभी 14 सीटें जीतने की बनायी जा रही रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके रोड स्थित आजसू प्रमुख सुदेश महतो के आवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने न सिर्फ गिरिडीह सीट पर चर्चा की, बल्कि झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत लगाने का संकल्प भी दोहराया। करीब आधे घंटे तक चली इस मुलाकात के दौरान बीजेपी-आजसू के संयुक्त चुनाव प्रचार के अलावा कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

गौरतलब है कि झारखंड की 14 सीटों में से बीजेपी 13 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है जबकि आजसू को एक सीट गिरिडीह दी गई है। 2019 में भी गिरिडीह सीट पर एनडीए के बैनर तले आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी ने जीत हासिल की थी। एक बार फिर यह सीट आजसू के पास है। इसकी औपचारिक घोषणा शुक्रवार 29 मार्च को पार्टी की संसदीय दल की बैठक के बाद होने वाली है।

झारखंड में सभी 14 सीटें जीतने का दावा करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आजसू के साथ हमारा पुराना गठबंधन है। लोकसभा चुनाव के दौरान हम एक बार फिर साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, इसलिए झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने की रणनीति बनाई जा रही है। आजसू के साथ अनौपचारिक बैठक में चुनाव संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा हुई है, हम कल इसकी औपचारिक घोषणा करेंगे। इस मौके पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। हम इसके लिए तैयार हैं।

## झामुमो ने जांच एजेंसियों पर निशाना साधा, चुनाव आयोग से पूछे सवाल

# पहली बार डर-भय, इडी का खौफ और तानाशाही के साये में चुनाव हो रहा है: झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश में आजादी के बाद पहली बार डर-भय, इडी का खौफ और तानाशाही फासीवादी साये में आम चुनाव हो रहा है। अब तक देश में 17 आम चुनाव हो चुके हैं, मगर इस चुनाव में जो माहौल है, वैसा कभी नहीं रहा। पहले तो गठबंधन की बात करने और गठबंधन करने पर इडी आती थी। मगर अब तो हालात इतने खराब हो गये हैं कि प्रत्याशी घोषित होते ही इडी उसके घर पहुंच जा रही है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि बुधवार को महाराष्ट्र में यही हुआ। शरतचंद्र रेड्डी से इलेक्टोरल बांड के जरिये चंदा लेकर उसे सरकारी गवाह बना कर एक चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया जा रहा है, जबकि जो 55 करोड़ का बांड भाजपा के खाते में आया, उस पर इडी चुप रहती है। क्या यह मनी लॉड्रिंग का मामला नहीं है। देश के पीएम इडी के द्वारा जब्त पैसे को बंगाल चुनाव में खर्च करने और बांटने की बात करते हैं। पीएम ऐसा कह रहे हैं कि जैसे इडी द्वारा जब्त पैसा भाजपा के खाते में जा रहा है। मगर ऐसे मामलों पर इलेक्शन कमीशन चुप और खामोश रहता है। कहां है लेवल प्लेइंग ग्राउंड, कैसे होगा निष्पक्ष चुनाव, यह बड़ा सवाल है। भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार और इडी पर प्रहार करते हुए कहा कि ऐसी जमीन जिसका मालिकाना हक अब भी जमीन मालिक के पास है, गलत एवं फर्जी कागज बना कर, तथ्यों को छुपा कर हेमंत सोरेन को मनी लॉड्रिंग का मामला बता कर जेल भेज दिया जाता है। मगर शरत चंद्र रेड्डी, जो 55 करोड़ रुपये भाजपा के खाते में डाल कर सरकारी गवाह बन जाता है, उसका मामला पीएमएलए का नहीं। इतना ही नहीं, रेड्डी ने भाजपा के सहयोगी दलों के खाते में चुनावी बांड के पैसे डाले। ऐसे हालात बन गये हैं देश में। भट्टाचार्य ने कहा कि आज देश में आम चुनाव हो रहे हैं। हर राजनीतिक दल को चुनावी प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर एवं एयरक्राफ्ट चाहिए, मगर देश के 55 प्रतिशत हेलीकॉप्टर एवं एयरक्राफ्ट भाजपा ने बुक करा लिये हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कह रही हैं कि उनके पास चुनाव लड़ने का पैसा नहीं है। जब अबकी बार 400 पार होने जा रहा है, पूरे देश में भाजपा की लहर है तो चुनाव के लिए पैसे की क्या जरूरत है। बस नामांकन करने के लिए तो केवल 15-20 हजार रुपये की जरूरत है और वो खुद एक वकील रह चुकी हैं। क्या यही है इलेक्शन कमीशन का लेवल प्लेइंग ग्राउंड। अन्य दल आखिरकार कैसे चुनाव लड़ेंगे, कैसे प्रचार-प्रसार करेंगे। भट्टाचार्य ने कहा कि अब राजनीतिक दलों में भी 40 प्रतिशत आरक्षण लागू होना चाहिए, ताकि कम से कम 20 प्रतिशत टिकट और पद पार्टी के लोगों को मिले। झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाहरी, नेता प्रतिपक्ष बाहरी, सचेतक बाहरी अब तो 13 लोकसभा सीट में सात सीट पर प्रत्याशी बाहरी यानी दूसरे दल से आये नेता हैं।

# एनआइपीएम रांची चैप्टर की वार्षिक आमसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में एनआइपीएम (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट) रांची चैप्टर की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ। इस आमसभा में कई सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बातचीत एवं आम राय बनायी गयी सर्वप्रथम चैप्टर का चुनाव प्रस्तावित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा को रांची चैप्टर का अध्यक्ष चुना गया इसके साथ ही शाहिद जमाल और संजय को उपाध्यक्ष, रेखा पांडेय को सचिव, हिमालय को कोषाध्यक्ष और रोशनी को सह सचिव चुना गया।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया कि जल्द ही रांची चैप्टर द्वारा ईस्ट जोन का रीजनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जायेगा जिसमें अपने अपने कार्यक्षेत्र के दिग्गज अनुभव साझा करेंगे। चैप्टर ने इस चैप्टर को जीवंत बनाने की ओर प्रत्येक माह एक टॉक आयोजित करने का लक्ष्य रखा जिसमें ख्याति प्राप्त स्पीकर द्वारा संबोधन, सदस्य द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन, स्टूडेंट चैप्टर खोलने, नए सदस्यों के लिए प्रेरण कार्यक्रम आयोजित करने इत्यादि पर जोर दिया। इस प्रकार उन्होंने चैप्टर को नयी ऊंचाई पर पहुंचाने की जिम्मेदारी के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में कई वरीय सदस्य भी मौजूद थे। इसमें मुख्यतः पूर्व निदेशक कार्मिक यूके चौबे ,पूर्व निदेशक कार्मिक जीडी गुलाब मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सीसीएल के मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) संजय द्वारा किया गया।

# सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन 4 दिन शेष रहते प्राप्त किया। ज्ञात हो कि 84 मिलियन टन अभी तक का सबसे अधिक उत्पादन लक्ष्य था। सीसीएल के अधिकतर क्षेत्र समय से पहले ही अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया है। भारत सरकार, राज्य सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड , सहयोगी कंपनियों,स्थानीय प्रशासन तथा हितधारकों के सराहनीय मदद से सीसीएल ने समय से पहले अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया। सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण, मुख्यालय के विभागाध्यक्षों एवं क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को लेकर एक टीम बनायी गयी थी, जो लगातार उत्पादन प्रक्रिया का मॉनिटरिंग एवं सहयोग कर रही थी। यह टीम क्षेत्रों में जाकर कामगारों के उत्साह वर्धन कर रही थी ताकि सीसीएल के सभी अधिकारी एवं कर्मी एक टीम भावना के तहत कार्य करें जिसके फलस्वरूप सीसीएल ने समय से पहले ही अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकगण ने पूरे सीसीएल परिवार को हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी बाधाओं को पार कर इस कठिन कार्य को करने में पूरे सीसीएल परिवार का सराहनीय योगदान है और आगे भी टीम सीसीएल इसी तरह नये नये कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी। बता दें कि सीसीएल झारखंड के आठ जिलों रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू और लातेहार में खनन गतिविधियां संचालित कर रहा है। सीसीएल द्वारा कोयले की आपूर्ति उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों सहित देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को की जा रही है।

## दुमका : अंकिता को पेट्रोल छिड़क कर जला कर मार डाला था

# शाहरुख समेत दो को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उपराजधानी दुमका के जरूवाडीह में अगस्त 2022 में 17 वर्षीय नाबालिग अंकिता को पेट्रोल छिड़क कर जला कर मार देने के दोनों हत्यारों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। बीते 19 मार्च को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की अदालत ने दोनों आरोपियों शाहरुख हुसैन और मो नईम अंसारी उर्फ छोटू को दोषी करार दिया था।

बता दें कि जरुवाडीह में बीते 23 अगस्त 2022 को शाहरुख नामक युवक ने खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर नाबालिग छात्रा अंकिता के शरीर में आग लगा दी थी। घटना में छात्रा करीब 95 प्रतिशत तक जल गयी थी। बाद में गंभीर हालत में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। अंकिता की मौत के बाद बजरंग दल, विहिप और भाजपा महिला मोर्चा ने दुमका बंद कराया था। आक्रोशित लोगों ने पूरे दिन दुमका में विरोध-प्रदर्शन किया था। लोगों की मांग थी कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषी को फांसी की सजा दी जाये।

# हत्यारे प्रेमी को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रेमिका की हत्या के दोषी पवन गोप को अपर न्यायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर अभियुक्त को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त पर लगाये गये जुर्माना की आधी राशि मृतका के परिजन को देने का अदालत ने आदेश दिया है। हत्या की यह घटना साल 2019 की है।

बताया जाता है कि प्रियंका कुमारी और पवन गोप के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन दोनों के बीच किसी बात को लेकर मतभेद हो गया। इसके बाद पवन गोप ने चाकू से गला रेत कर प्रियंका कुमारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में प्रियंका कुमारी को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मामले को लेकर ओरमांझी थाना में पहले अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बाद में गांववालों ने दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने पवन गोप को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों का बयान दर्ज कराया गया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से तीन लोगों की गवाही करायी गयी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे। जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

**कर्क** आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है। परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# कांके छोटी मस्जिद में तीन महिलाओं सहित एक पुरुष की हुई जमकर पिटाई

## महिलाओं पर चोरी करने और समाज को बदनाम करने करने का आरोप

**कांके थाना में पिटाई को लेकर 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने पहुंची महिलाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** कांक थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू गांव स्थित छोटी मस्जिद में मंगलवार 26 मार्च को दोपहर तीन महिलाओं सहित एक पुरुष की जमकर पिटाई की गयी। इसके बाद चारों को जूते-चप्पलों की माला पहनकर पूरे गांव में घुमाया गया। इनके पिटाई का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। यह वायरल वीडियो रांची एसपी के पास भी पहुंच गया। इसके बाद उनके निर्देश पर कांके थाना पुलिस में महिलाओं को बुला कर इनका फर्द बयान लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी गुरुवार को की जा रही है।

इस मामले में ग्रामीणों एवं जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिलाओं को गांव के कुछ लोगों ने इसलिए पिटाई की है कि यह सभी महिलाएं एक पुरुष साथी के साथ मिल कर रांची में मेन रोड सहित कई दुकानों में कपड़ा चोरी का कार्य करते थे। इन लोगों को समाज ने सबक सिखाने की ठानी और इनकी मंगलवार को दोपहर पिटाई की और जूते-चप्पलों का माला पहनकर गांव में घुमाया, जिससे समाज में एक संदेश जाये और समाज बदनाम नहीं हो। इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि 25 मार्च के दिन यह सभी महिलाएं नूरजहां परवीन, शबनम परवीन, अलमून खातून और शबनम परवीन के पति महफूज खान मेन रोड स्थित किसी दुकान में कपड़ा चोरी किये थे। इसका दुकानदारों ने वीडियो बना लिया था और दंड स्वरूप 13000 रुपया भी दुकानदार ने वसूल किया और एक कबूलनामा भी लिखवा लिया कि मैं दुकान में चोरी कर रहा था। इसकी चोरी का वीडियो सुकुरहुटू के कई लोगों के पास पहुंचाया गया। इसके बाद गांव में समाज के लोगों ने बैठक बुलाकर इन लोगों को सबक सिखाने की ठानी। इन लोगों को चोरी का पुराना रिकॉर्ड रहा है। मंगलवार को दोपहर छोटी मस्जिद के अंदर चारों को बंद करके जमकर पिटाई की गयी। लोगों का कहना था कि यह सभी रिकॉर्ड चोर हैं। समाज में इस तरह की घटना ना हो समाज बदनाम ना हो इसलिए लोगों की पिटाई की गयी। चारों को समाज के लोगों ने कहा है कि इसके बाद भी अगर चोरी की घटना तुम लोग करते हो तो बाल मूड़कर पूरे गांव में घुमाया जायेगा और खाना हुका पानी बंद कर दिया जायेगा।

# नक्सली कमांडर प्रयाग मांझी और टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू नहीं रहा इनामी नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नक्सली कमांडर प्रयाग मांझी और टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू अब इनामी नक्सली नहीं रहे। झारखंड पुलिस ने इन दोनों नक्सलियों को इनामी नक्सलियों की सूची से बाहर कर दिया है। झारखंड पुलिस ने प्रयाग मांझी पर एक करोड़ और ब्रजेश गंझू पर 25 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। लेकिन लंबे समय से इन दोनों नक्सलियों की सक्रियता को नहीं देखते हुए दोनों इनामी नक्सलियों को सूची से बाहर कर दिया गया। वर्तमान में 72 नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा है।

**कौन है नक्सली प्रयाग मांझी :** एक करोड़ का इनामी रहे नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक धनबाद जिले के टुंडी के दलबुढ़ा का रहनेवाला है। प्रयाग मांझी पारसनाथ पर्वत, छतीसगढ़, झुमरा, बिहार से लेकर बंगाल में रह चुका है। वह वर्षों से संगठन के लिए काम करता आ रहा है। विवेक के खिलाफ सिर्फ गिरिडीह जिले में ही 50 से अधिक मामले दर्ज हैं।

**इन दिनों भूमिगत हो गया है ब्रजेश गंझू :** मगध और आम्रपाली कोल परियोजनाओं में टेरर फंडिंग का मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू इन दिनों कहां है, इसकी जानकारी न ही केंद्रीय जांच एजेंसी को है और न ही झारखंड पुलिस को। लंबे समय तक पलामू, लातेहार, चतरा और रांची के खलारी में सक्रिय रहनेवाला ब्रजेश गंझू इन दिनों भूमिगत हो गया है। हालांकि ब्रजेश गंझू की गैर मौजूदगी में टीपीसी का रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू संगठन के लिए लेवी वसूलने समेत अन्य घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

**झारखंड में बचे सिर्फ 72 इनामी नक्सली :** झारखंड में अब सिर्फ 72 इनामी नक्सली बचे हैं। इसमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, असीम मंडल, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो, संतोष उर्फ विश्वनाथ, प्रकाश महतो, मेहनत, संजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, पूनम, आरिफ, रामदयाल महतो, मृत्युंजय, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझु, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार, गोदराय यादव,बिरसेन गंझू, श्याम सिंह सिंकू, बल्लू, सालुका कायम, नेशनल भुइयां, रंथू उरांव, गुलशन मुंडा, सहदेव महतो,रविंद्र यादव, लवलेश गंझू, जयंती, प्रभात मुंडा, प्रभात गंझू, सुखलाल बिरजिया, बैजनाथ गंझू, पंकज कोरवा, कुंवर मांझी, बिरेन सिंह, बलराम लोहरा, सागेन अंगरिया, करीम, बाबूलाल जी, ब्रजेश मांझी, पवन मांझी, अमृत, रामचंद्र यादव, राहुल चंपिया, सुलेमान हांसदा, फिरोज अंसारी, विरेंद्र गंझू, सैमुअल बुध, पांचा उरांव, संतोष गंझू, मीता उर्फ नयनतारा, सहेंद्र यादव, लक्ष्मण राय, अमोज मोदक, कृष्णा यादव, गुलशन उरांव, बबलू,राजू यादव शामिल हैं।

## लापता युवक का बरियातू इलाके में मिला शव

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में लापता युवक का शव बरामद हुआ है। आशंका जतायी जा रही है कि युवक की हत्या की गयी है। मृतक युवक का नाम आलोक कुमार उर्फ कान्हा है और वह सदर इलाके का रहनेवाला था। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है।

पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या : EL/Proj/DNR/ETEN/02/23-24, दिनांक : 22.03.2024, कार्य का नाम एवं स्थान: Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25 KV OHE modification Works to meet 3000MT loading target for UP & DN Line of Gomoh-Patratu Section of Dhanbad Division under E.C. Railway (Total 127/254 RKM/TKM)"; कार्य की अनुमानित लागत: ₹77,04,41,834.48; निविदा फार्म की कीमत: ₹0.00/– आवश्यक बयाना राशि: ₹40,02,200/– निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक 25.04.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 09.05.2024 को 15:00 बजे; वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है; पता एवं अन्य जानकारी: मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट– खगौल जिला– पटना, पिन–801105
उप मुख्य विद्युत अभियंता/ रेल परियोजना, दानापुर
पीआर/02640/आरपी/ईएलईसी/टी/23–24/36

# ये गर्मी कुछ कहती है

बढ़ती गर्मी आम आदमी के लिए एक सामान्य खबर हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। वर्ल्ड मीटिअरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि पिछले 10 सालों में धरती का तापमान औसत से ज्यादा ही रहा है। 2024 में तापमान के और ज्यादा बढ़ने की आशंका है। इसका असर धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जायेगा। इसके बाद अगले 50 सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनायी गयी सीमाओं को नहीं मानता। मौसम का संकेत मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है, तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नये सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नयी चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाजारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखायी नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान 'मोका' से तकरीबन 17 लाख लोग बेघर हो गये थे। कहने का तात्पर्य यही है कि बढ़ते हुए तापमान का यह खतरा भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बाकी दुनिया से ज्यादा है।


**पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाजारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखायी नहीं देती।**

**अभिमत आजाद सिपाही**

**आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चंद्रबाबू नायडू ने 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार पर प्रदेश को विशेष दर्जा और पैकेज न देने का आरोप लगाते हुए राजग से नाता तोड़ा था। अब 2024 के चुनाव से ठीक पहले वह राजग में लौट आये, हालांकि केंद्र से आंध्र को विशेष दर्जा और पैकेज अभी तक नहीं मिला है। दरअसल आंध्र के विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं।**

# चुनाव पूर्व बनते-बिगड़ते राजनीतिक रिश्ते

**राज कुमार सिंह**



**21 लोकसभा सीटों वाले ओड़िशा में भी मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजद को राजग में वापस लाने की कवायद लंबी चली, पर बात नहीं बन पायी। राजनीति में आने पर नवीन भाजपा से गठबंधन में ही चुनाव लड़े। केंद्र में मंत्री रहे। गठबंधन में चुनाव लड़ कर ही वह ओड़िशा के मुख्यमंत्री बने, पर बाद में राहें अलग हो गयीं।**

राजनीति में दोस्त या दुश्मन स्थायी नहीं होते, पर अक्सर ये रिश्ते चुनाव के आसपास ही बदलते हैं। लंबे समय तक परस्पर विरोधी राजनीति करने वालों को भी चुनाव से पहले या बाद में सुविधानुसार एक-दूसरे में वैचारिक समानता नजर आने लगती है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चंद्रबाबू नायडू ने 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार पर प्रदेश को विशेष दर्जा और पैकेज न देने का आरोप लगाते हुए राजग ने नाता तोड़ा था। अब 2024 के चुनाव से ठीक पहले वह राजग में लौट आये, हालांकि केंद्र से आंध्र को विशेष दर्जा और पैकेज अभी तक नहीं मिला है। दरअसल आंध्र के विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं। नायडू ने 2018 में राजग छोड़ने का दांव अगले साल होने वाले चुनाव में विपक्षी राजनीति में राष्ट्रीय भूमिका की उम्मीद में चला था, लेकिन मोदी की भाजपा के मुकाबले विपक्ष लगातार दूसरे लोकसभा चुनाव में भी चित हो गया। नायडू को बड़ा झटका अपने गृह राज्य में लगा। बाबू के संबोधन से लोकप्रिय नायडू की छवि काम करने वाले मुख्यमंत्री की रही, लेकिन सत्ता संघर्ष में कांग्रेस से अलग अपनी वाइएसआरसीपी बनाने वाले युवा जगन मोहन रैड्डी ने उनसे आंध्र की सत्ता छीन ली। लोकसभा की भी 25 में से 22 सीटें वाइएसआरसीपी जीत गयी। बेटे नारा लोकेश को विरासत सौंपने को बेताब नायडू एक और चुनाव हारने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। भाजपा भी फिर एक बार लोकसभा चुनाव में खाता तक न खुलने का खतरा मोल नहीं लेना चाहती। पिछली बार तेलुगू देशम तो तीन लोकसभा सीटें जीत गयी थी, पर दोनों राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया। भाजपा को तेलुगू देशम से गठबंधन के बाद वहां राजग की सीटें बढ़ने की आस है, तो नायडू की उम्मीदें विधानसभा चुनाव पर टिकी हैं। इस गठबंधन में फिल्म अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी भी शामिल है।

**राज ठाकरे के पास भी राजनीतिक प्रासंगिकता बचाये रखने के लिए ज्यादा विकल्प नहीं हैं।**

पुराने दोस्तों को मनाने की भाजपा की मुहिम दक्षिण तक सीमित नहीं है। बिहार में नीतीश कुमार का जद (यू) से फिर पाला बदल कर राजग में लौट आना तो उत्तर प्रदेश में भी जयंत चौधरी के रालौद की लंबे समय बाद वापसी हो गयी। पहले इन लोगों ने एक-दूसरे के विरुद्ध क्या कुछ कहा सोशल मीडिया के इस दौर में आसानी से उपलब्ध है, पर राजनेता मानते हैं कि जब रिश्ता परस्पर फायदे का बन रहा हो तो अतीत का बंधक नहीं बने रहना चाहिए।

अनुभव बताता है कि जनता भी ऐसी अवसरवादी उछल-कूद को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेती। इसीलिए शिरोमणि अकाली दल की राजग में वापसी की भी कवायद चली, पर बातचीत सिरे नहीं चढ़ पायी। भाजपा के पुराने दोस्तों में शुमार रहा अकाली दल तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के विरोध में लंबे किसान आंदोलन के वक्त राजग छोड़ गया था, लेकिन 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में दोनों दलों की दुर्गति से सबक मिल गया। पंजाब से लोकसभा के 13 सांसद चुने जाते हैं।

अकाली दल परंपरागत सिख एवं किसान जनाधार को उससे जुड़े मुद्दों पर मुखरता के जरिए गोलबंद करना चाहता है, तो भाजपा की नजर राज्य के 10 जिलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी पर टिकी है, जो 13 में से सात लोकसभा सीटों को प्रभावित कर सकती है बशर्ते एकमुश्त मतदान करे। इसीलिए बात बनते-बनते भी बिगड़ गयी और अब दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ेंगे यानी पंजाब में चतुष्कोणीय मुकाबला होगा।

21 लोकसभा सीटों वाले ओड़िशा में भी मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजद को राजग में वापस लाने की कवायद लंबी चली, पर बात नहीं बन पायी। राजनीति में आने पर नवीन भाजपा से गठबंधन में ही चुनाव लड़े। केंद्र में मंत्री रहे। गठबंधन में चुनाव लड़ कर ही वह ओड़िशा के मुख्यमंत्री बने, पर बाद में राहें अलग हो गयीं। फिर भी रिश्ते मित्रवत रहे। भाजपा के लिए अब यही संतोष की बात है कि नवीन विपक्षी गठबंधन में नहीं जायेंगे और संभावित मददगार बने रहेंगे, लेकिन कुल 34 लोकसभा सीटों वाले पंजाब और ओड़िशा में राजग का सपना साकार न हो पाना 400 पार के नारे के लिए झटका साबित हो सकता है। उधर महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की राकांपा को तोड़ कर सत्ता का समीकरण अपने पक्ष में कर चुकी भाजपा अब राज ठाकरे से हाथ मिलाने जा रही है।

राज ठाकरे के पास भी राजनीतिक प्रासंगिकता बचाये रखने के लिए ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हानि-लाभ तो चुनावी नतीजे ही बतायेंगे, पर महाराष्ट्र में महायुति और राष्ट्रीय स्तर पर राजग में एक और घटक दल की एंट्री तय मानी जा रही है। यह आश्चर्यजनक लग सकता है कि एक ओर तो पुराने रिश्ते सुधारे जा रहे हैं, नये बनाये जा रहे हैं, तो दूसरी ओर हरियाणा में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उनकी पार्टी जजपा की राजग से विदाई हो गयी। शायद इसके मूल में भी चुनावी हानि-लाभ का गणित हो। उधर बिहार के बाहुबली पूर्व सांसद पप्पू यादव ने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया है। वैसे पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन पहले से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं।

पर्याप्त विधायक होने के बावजूद राज्यसभा सीट हार जाने के बाद भी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का संकट समाप्त नहीं हो रहा। अब प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इन्कार कर किसी नये रिश्ते का संकेत दे दिया है। ऐसे में वीरभद्र सिंह परिवार के दबदबे वाली मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की कंगना के विरुद्ध दमदार उम्मीदवार खोज पाना कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा। 6 बागी विधायकों को उप-चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट दे दिये जाने से वहां भी कांग्रेस को नये दमदार उम्मीदवार तलाशने होंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# परियोजना निदेशक और एडीएम ने राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के पूर्व राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार को बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपाकंर चौधरी और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार ने सभी राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो इसे संबधित प्रत्याशी व राजनीतिक पार्टी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा सरकारी भवन और निजी इमारतों पर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार सामग्री नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा चुनाव की घोषणा के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है, जिसका सभी पार्टियों और उम्मीदवारों को कड़ाई से पालन करना है। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ऐसे मामले में प्रत्याशी या पार्टी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। कोई भी उम्मीदवार किसी दूसरे प्रत्याशी पर कोई भी व्यक्तिगत, जातिगत, धार्मिक या पारिवारिक भावनाओं को ठेस पहुंचानी वाली बातें ना बोलें। उन्होंने कहा चुनाव आयोग ने सी-विजिल के नाम पर मोबाइल एप शुरू किया है। एप पर कोई भी नागरिक या उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता की अवहेलना होने पर फोटो खिंच कर भेज सकता है, जिस पर सौ मिनट में कार्रवाई की जायेगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1950 शुरू किया गया। किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी दे सकते है। किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने, चुनाव में वाहनों का इस्तेमाल करने रैले में लाऊडस्पीकर बजाने के लिए प्रशासन से पहले अनुमति लेनी होगी। राजनीतिक दलों को बैनर, पोस्टर, मीडिया में प्रकाशन व अन्य सामग्रियों के लिए एमसीएमसी कोषांग से अनुमति लेना आवश्यक है। सामाजिक कार्यक्रम में दखल नहीं है लेकिन आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देश के आलोक में कार्यक्रम संचालित किया जा सकता है। उन्होंने बताया प्रचार-प्रसार में जो भी खर्च किया जाएगा उसका ब्यौरा व्यय लेखा कोषांग में जमा करना होगा।

नकारात्मक प्रचार-प्रसार और बिना प्रेस के नाम का बैनर, पोस्टर का मुद्रण नहीं करायेंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपादन व आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से अनुपालन करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दी गयी। इस अवसर पर धालभूम एसडीओ, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, एलआरडीसी घाटशिला, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, एसडीएम घाटशिला, सीओ धालभूमगढ़, बीडीओ पटमदा और अन्य संबंधित पदाधिकारी सहित सभी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा और महारक्तदान शिविर 4 को



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। आदिवासी हो समाज केंद्रीय और स्थानीय कमिटी की एक बैठक गोलमुरी हो समाज भवन में की गयी। गुरुवार को बैठक के दौरान हो समाज केंद्रीय, प्रदेश,प्रखंड और स्थानीय कमिटी के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में आगामी 04 अप्रैल को वीर शहीद गंगाराम कालुंडिया जी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा और महारक्तदान शिविर लगाने को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर महारक्तदान शिविर में शामिल होने वाले रक्तदाता और रक्तवीरों को पुरस्कार और पारंपरिक बेंन्टा से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा व पूर्वी सिंहभूम ज़िला समिति द्वारा जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति जताया गया। वही बैठक के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में युवाओ को शिविर में शामिल होने के लिए अपील की गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदिवासी हो समाज युवा महासभा पूर्वी सिंहभूम गोमीया सुंडी,राजेश कंडेयोंग,सुशील सावैंया,उपेंद्र बानरा,नरसिंग बिरूली,डेविड सिंह बानरा,पुरन हेमब्रॉम,शिव चरण बारी,शबनम बारी,मेंजो सावैंयाँ,विजय बारी, अनिल बोदरा,आकाश गगराई, सागेन तियू,पुष्पा हेमब्रॉम, संचिता हेमब्रोम,चीतो बानरा सहित अन्य शामिल रहे।

# सड़क किनारे खड़े हाइवा को तेज रफ्तार टेलर ने मारी टक्कर, चालक घायल



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग आदित्यपुर बेबको मोटर्स के समीप सड़क किनारे खड़े हाइवा को तेज रफ्तार टेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। गुरुवार को सड़क दुर्घटना में टेलर का चालक केबिन में ही फंसे रहा। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर प्रभारी नितिन कुमार दलबल के साथ पहुची। मौके पर उन्होंने गैस कटर को बुलाकर किसी तरह चालक को निकाल कर जान बचाया। वैसे स्थानीय लोगो की माने तो सड़क दुर्घटना काफी भयावह रहा था। पुलिस ने चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।फिलहाल चालक का स्थिति नाजुक बनी हुई है। उधर हाइवा चालक हाइवा छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चाचा के घर में फांसी से लटका मिला भतीजा

रामगढ़(आजाद सिपाही)। शहर के पारसोतिया में चाचा के घर में भतीजा फांसी पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर पूछताछ और छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले गई। वहीं, पुलिस ने मामले में दो महिला सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस चाचा भतीजा के बीच चल रहा विवाद की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम 3 बजे झंडा चौक वैष्णो देवी गली निवासी बैजू साह 40 वर्ष(पिता जगदीश साह) अपने चाचा कैलाश साह के घर पारसोतिया गया था। यहां,घर के कमरे के पंखा की कुंडी से बैजू साह का शव लटका मिला। खबर मिलने पर बैजू साह के परिजन पहुंचे और हत्या कर फांसी में लटकाने का आरोप लगाया।

# जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज आये जमशेदपुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा बाजार के पास श्री श्री कांवरिया धाम मंदिर में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन हुआ। गुरुवार को मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत में मंदिर कमिटि के सदस्यों ने शंकराचार्य महाराज को माल्यार्पण कर स्वागत किया। वही मंदिर कमिटी के महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह परिवार सहित पादुका पूजन किया। मौके पर शंकराचार्य महाराज ने श्री श्री कांवरिया धाम मंदिर में सभी देवी देवताओं का दर्शन कर भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच आशीर्वचन दिए। मौके पर शंकराचार्य महाराज ने भागवत कथा के प्रसंग मनुष्य की पुनर्जन्म की प्रक्रिया के संबंध में भक्त जनों व धर्म प्रेमी सज्जनों को विस्तार से जानकारी दी। वही जगतगुरु शंकराचार्य के हाथों मंदिर कमेटी के सदस्यों को अंग वस्त्र प्रदान आशीर्वाद दिया गया।

मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महामंत्री जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष जे एन चौधरी, सचिव उदय कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,राज किशोर प्रसाद,संतोष, राजू, चंद्रमणि राय, सुरेश,सुबोध झा, सत्येंद्र सिंह,बंसी महतो,पंडित सुखदेव उपाध्याय,अशोक गुप्ता, चंद्रशेखर ओझा,पंडित अमरनाथ दुबे,पंडित आशीष,जयप्रकाश सहित अन्य शामिल रहे।

# श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के नगर कीर्तन में शामिल हुए विधायक





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित कालिकापुर में श्री श्री चैतन्य महाप्रभु महामिलन महोत्सव सह अखंड महामंत्र नाम यज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुवार को कालिकापुर के महामिलन महोत्सव सह अखण्ड महामंत्र नाम यज्ञ में क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। विधायक ने श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के नगर परिक्रमा के दौरान नगर कीर्तन में हजारों हजार श्रद्धालुओं के बीच ढोलक बजाते हुए प्रभु के गीत पर नाचते गाते दिखे। साथ ही विधायक संजीव सरदार ने भक्त जनों के बीच श्री श्री चैतन्य महाप्रभु के नगर परिक्रमा व कलश यात्रा में राधे राधे के रंग में भक्ति भाव में नजर आए। मौके पर विधायक ने श्री श्री चैतन्य महाप्रभु से पोटका विधान सभा क्षेत्र में रहने वाले सभी के परिवार में खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर पोटका कालिकापुर सहित आस पास के हजारों हजार ग्रामीण व श्रद्धालु नगर कीर्तन में शामिल होकर प्रभु के भक्ति भाव मे डूबे रहे।

## परीक्षाफल और शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के किशुनराज पब्लिक उच्च विद्यालय बलियारी ने गुरुवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवीं तक के परीक्षाफल और शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने परीक्षाफल जारी करते हुए बच्चों के द्वारा किये गए मेहतन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल हुए सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं विद्यालय ले प्रधानाध्यापक नवनीत कुमार द्विवेदी ने उपस्थित अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार सदैव ही पठन पाठन संबंधित अभिभावकों की समस्याओं व बच्चों की समस्याओं को गंभीरता से लेता है, तथा उसे दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। आगे उन्होंने बताया कि विद्यालय में पठन पाठन का कार्य नये सत्र के लिए आगामी 2 अप्रैल से शुरू किया जायेगा।

# खरवार आदिवासी एकता संघ ने नीलांबर पीतांबर खरवार शहादत दिवस मनाया

**बैगा पाहन व उनके वंशजों द्वारा चेमो सन्या मिटी व जल लाकर वीर शहीद नीलांबर पीतांबर धाम की स्थापना की गयी**

अशोक केसरी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड खरवार आदिवासी एकता संघ के बैनर तले गुरुवार को भंडरिया क्षेत्र के अंडा महुआ में स्थापित वीर शहीद नीलांबर खरवार पीतांबर खरवार की प्रतिमा पर आदिवासी खरवार के लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर नीलांबर खरवार पीतांबर खरवार शहादत दिवस मनाया गया। साथ ही बैगा पाहन और उनके वंशजों के द्वारा चेमो सन्या मिटी व जल लाकर विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद वीर शहीद नीलांबर पीतांबर धाम की स्थापना की गयी। वहीं



भव्य मेले का आयोजन भी किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने मेले का लुत्प उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत में खरवार समाज के लोगों के द्वारा भंडरिया प्रखंड के सन्या गांव से मिटी व पवित्र जल लाकर नौका गांव स्थित प्रभन बाबा देव स्थल से अंडा महुआ तक शोभायात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में लोगों के द्वारा वीर शहीद नीलांबर पीतांबर अमर रहे सहित आदि नारे लगाये जा रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का स्वागत बघवार उच्च विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर वह संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनकर सोवागत किया गया। वहीं स्थानीय आदिवासी कलाकारों के द्वारा अपने पारंपरिक गाजे बाजे के साथ एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खरवार आदिवासी एकता महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह प्रदेश सचिव मीरा सिंह, जिला अध्यक्ष रामकिशुन सिंह, भाजपा अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरदास तिर्की, झारखंड मुक्ति मोर्चा अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राजेश पार्टी के केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी भूषण सिंह राजेश्वर ठाकुर, उमा देवी, हीरवंती देवी, भूषण सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश सचिव कुंवर सिंह, बिरजू रामवृक्ष सिंह जीतन सिंह के द्वारा बारी-बारी से माला पहनाया गया है।

## कांडी में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** बाजार स्थित एक महिला चिकित्सक(झोला छाप डॉक्टर) की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत हो गयी, जबकि महिला गंभीरावस्था में गढ़वा स्थित एक अस्पताल में भर्ती है। जानकारी के अनुसार कांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मझिगावां के सवंडीह टोला निवासी पंकज यादव द्वारा प्रसव पीड़ा से व्याकुल उसकी पत्नी पूजा कुमारी को गुरुवार की अहले सुबह कांडी बाजार स्थित महिला चिकित्सक(झोलाछाप) प्रतिमा देवी के पास लाया गया। महिला चिकित्सक द्वारा इलाज जारी रखने के 9 घंटे बाद भी कोई खास लाभ नहीं मिलने पर परिजनों ने प्रसव पीड़ित महिला को बाहर ले जाने हेतु महिला चिकित्सक से डिस्चार्ज करने का आग्रह किया, किंतु उक्त महिला चिकित्सक द्वारा झूठा आश्वासन देते हुए महिला का इलाज किया जाता रहा। परिजनों के अनुसार 10 घंटे बाद



महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया, साथ ही अधिक रक्तस्राव होने की वजह से महिला की स्थिति काफी नाजुक हो गयी। महिला का पति और उसके परिजनों ने महिला चिकित्सक के खिलाफ कांडी थाना, रेफरल अस्पताल मझिआंव व सिविल सर्जन गढ़वा को आवेदन देते हुए कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया है, साथ ही गंभीरावस्था में पूजा कुमारी को बेहतर इलाज हेतु गढ़वा में एक अस्पताल में भर्ती कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांडी थाना द्वारा उक्त मामले से संबंधित प्रतिवेदन सिविल सर्जन को भेजा जा रहा है।

# कंपनी के कर्मियों ने ऋणधारक महिला के ससुर को धमकाया, थाने में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** महिलाओं को समूह का ऋण मुहैया कराने वाली सैटिन माईक्रो फाइनेंस द्वारा बीते दिनों थाना क्षेत्र के रोहिनिया गांव से ऋणधारक महिला के नाबालिग बेटे को अगवा करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है, कि ऋण मुहैया कराने वाली एक अन्य कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट नामक कंपनी के द्वारा बीती रात ऋणधारक महिला के बुजुर्ग ससुर के साथ गाली गलौज और मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त कंपनी के कर्मियों द्वारा डराये, धमकायें जाने से बुजुर्ग काफी भयभीत है। मामला मकरी पंचायत के छः मईलवा स्थित बसेरियालेवा टोला का है। इस टोला के निवासी संतोष साह की पत्नी सरिता देवी कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट से बीते 23 अक्टूबर 2023 को 30 हजार



रुपए ऋण ली थी। जिसमें वह ऋण का 21 किस्त जमा भी कर चुकी है। बाकी के ऋण की राशि चुकाने हेतु दोनों पति पत्नी पिछले 3 माह से गोवा में मेहनत मजदूरी कर रहे है। महिला के बुजुर्ग ससुर सरजू साह ने बताया कि बुधवार को साप्ताहिक ऋण की वसूली करने पहुंचे उक्त कंपनी के शाखा प्रबंधक मेरी पुतोहु सरिता देवी को खोज रहे थे, जब उन्होंने बीएम को बताया कि ऋण की राशि चुकाने के लिए वह अपने पति के साथ काम करने गोवा गयी है, इस पर उन्होंने मुझसे पैसा की मांग करने लगे, जब मैं बोला कि ऋण मैं नहीं लिया हूं, तो मैं पैसा कैसे दूं, इतना सुनते ही उक्त कर्मी ने अपने कंपनी के अन्य चार पांच कर्मियों को बुलाकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। जब उन्होंने आपत्ति जतायी, तो उक्त सभी कर्मियों ने बुजुर्ग के साथ हाथापाई करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये। इतना ही नहीं जाते जाते उक्त सभी लोग यह कहते गये कि हमलोग करोड़ों रुपये का बिजनेस करते है, अगर गुरुवार के दोपहर 2 बजे तक ऋण की बचत राशि 17987 रुपये जमा नहीं किया, तो तुम्हारे घर से सारा सामान उठाकर तो ले ही जायेंगे, साथ ही तुम्हारे घर को तहस नहस भी कर देंगे। उधर उक्त कंपनी के कर्मियों के दंबगई से बुजुर्ग दंपति और उसके नाबालिग पोते पूरी रात दहशत के साये में रहे। जब इस मामले में कैशपॉर माईक्रो क्रेडिट बैंक के शाखा प्रबंधक कृष्णा पाठक ने बताया कि सरिता देवी द्वारा पिछले कई सप्ताह से ऋण की राशि का भुगतान नही किया जा रहा था। साथ ही सरिता देवी के ऋण में उसके ससुर का राशनकार्ड लगा हुआ है, जब उनसे पैसा की मांग की गयी, तो वें बैंक के कर्मियों के उपर गाली गलौज और मारपीट करने का गलत आरोप लगा रहे है।

## एक गरीब परिवार के खपरैल मकान में लगी आग



**बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के आदर गांव के महुआटोला निवासी खुसदिल सिंह के एक खपरैल मकान में भीषण आग लग गयी। यह घटना दोपहर 1:00 बजे की बतायी जा रही है। इतना ज्यादा भीषण आग की लपटे था कि स्थानीय लोगों की मदद से समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया। घर में रखे खाने-पीने कुछ सामान और तीन बकरियां झुलस कर जगह पर ही मिरित होगया। खुसदिल सिंह के पत्नी सिमा देवी के रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कैसे आग लगा, इसके बारे में जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं बताया गया है।**

# वार्षिक परीक्षा फल वितरण का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन टॉप थ्री में स्थान पाने वालों को अंक पत्र के साथ मेडल और सील्ड देकर देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव ने कहा कि पिछड़े गांव में पठनपाठन की सभी सुविधाओं से लैस उक्त विद्यालय के प्रबंध समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं, इस विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाके में शिक्षा का अलख जगाना था, जिसे आज मैं पूरा होते हुए देख रहा हूं। जबकि समारोह के विशिष्ट अतिथि सगमा के प्रखंड प्रमुख अजय कुमार साह ने कहा कि विद्यालय में उतीर्ण होने वाले सभी बच्चों के भविष्य की मंगल कामना करता हूं। समारोह में उपस्थित विद्यालय के चेयरमैन पूर्व मुखिया इशहाक अंसारी के द्वारा अपने वर्ग में एक दो तीन स्थान



प्राप्त करने वाले बच्चों को सुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार धन्यवाद के पात्र हैं, जो रातदिन मेहनत कर बच्चों को शिक्षा देने में लगे हुए हैं।

इसी प्रकार समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बेबी खातून ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बच्चों को मंगल कामना करते हुए उतीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को उत्साह वर्धन करते हुए शेर पेस किया। इसमें कहा कि : -

***जीत लो हर लम्हा बीत***
***जाने से पहले, लौट कर यादें***
***आती है वक्त नहीं।***

समारोह को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को नामांकन कराने की अपील किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ मुख्यरूप से प्रधानाचार्य बेबी खातून, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, विकास ठाकुर, रामविनय यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र, अखिलेश यादव, संतु, अजय यादव, रौशन, साहिद, वीरेंद्र प्रजापति, मनीश, महेश्वर विश्वकर्मा, अल्का, प्रियंका, अर्चना, लालमणि देवी, संध्या देवी, रौशनी प्रवीण, रूकसार सिद्दीकी, आशिया सिद्दीकी, चांदनी सिद्दीकी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

## श्रीरामनवमी पूजा मनाने का लिया निर्णय, किये जायेंगे कई कार्यक्रम



**रंका (आजाद सिपाही)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंका श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुल्पानी सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक में श्रीराम नवमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें 9 अप्रैल को चैत्र नवमी की प्रथम तिथि प्रारंभ हो रही है, जिसके उपलक्ष्य में कलश जलयात्रा, नवाह्नपरायण महायज्ञ प्रारंभ और संध्या में भजन कीर्तन, नगर भ्रमण, का कार्यक्रम किया जायेगा। तथा 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल जुलूस, 15 अप्रैल को भंडारा का आयोजन, 16 अप्रैल को संध्या में मंगलवारी नगर भ्रमण और 17 को श्रीराम नवमी पूजा समिति द्वारा विशाल जुलूस शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस बीच में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से श्री रघुनाथ अखाड़ा परिसर रामायण सिरियल का प्रसारण के साथ साथ स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी गीत संगीत भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। इसके साथ साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर महंत बलराम पांडेय, अध्यक्ष सुलपानी सिंह, उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, सचिव दीनानाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मोहित चौधरी, मिडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अखाड़ा संयोजक अमित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।**

# बालू के अवैध कारोबार पर नकेल कसने में प्रशासन फेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत में बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां आम चुनाव को लेकर पुरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर टिकी हुई है, तो इसके उल्टे बालू माफिया पुलिस प्रशासन को खुलेआम चुनौती देकर नदियों से बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई में मशगूल है। बालू के इस अवैध कारोबार से राज्य सरकार को प्रति माह लाखो रुपये की राजस्व की क्षति पहुंच रही है। बताते चलें कि मझिआंव तथा बरडीहा के सीमा पर स्थित बूढीखांड़ नदी से बालू माफियाओं द्वारा बालू का अवैध उत्खनन के बाद दर्जनों ट्रैक्टर पर बालू लादकर बरडीहा के रास्ते कैलान पहुंचकर जगह जगह डंप कर दिया जाता है। जहां से इस क्षेत्र के बालू माफियाओं द्वारा डंप किया गया। बालू को अपने अपने ट्रैक्टर से रात के 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक बेखौफ होकर मुख्य मार्ग पर बालू की अवैध ढुलाई में लग जाते है।

ग्रामीणों के अनुसार बालू माफिया द्वारा मझिआंव के बुढीखांड़ नदी के अलावे कैलान व कवलदाग के नदियों से भी अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर आस पास के क्षेत्रो में 4500 से लेकर 5000 रुपये में बेचा जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह प्रभारी सीओ नंदजी राम ने बताया कि कैलान में अवैध तरीके से बालू डंप कर आस पास के क्षेत्रों में बेचे जाने की जानकारी नहीं है। अगर बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है, तो कैलान में छापामारी कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

# सभी मतदान केंद्रों पर कल तक सुविधाएं उपलब्ध हों : बीडीओ

आजाद सिपाह संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, विद्युत विभाग के साथ बैठक कर मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापकों से मतदान केंद्र वार उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा किया। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्रों पर सभी



आवश्यक सुबिधायें यथा शौचालय, पेयजल, रैंप, विद्युत, चार्जिंग पॉइंट आदि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हरहाल में उक्त सभी सुविधायें 30 मार्च तक मतदान केंद्रों पर उपलब्ध होना चाहिये। बीडीओ ने कहा कि सभी मतदान केंद्र के प्रधानाध्यापक 31 मार्च को उक्त सभी सुविधायें मतदान केंद्र पर उपलब्ध होने का प्रमाणपत्र प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। बैठक में प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार, पंचायत सचिव बिरेंद्र कुमार सिंह, विद्युत विभाग के ए ई, एमडीएम सेल के अमित कुमार, प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा, रमेश, अविनाश सहाय, राजनाथ राम, निर्मल कुमार सहित सभी मतदान केंद्रों के प्रधानाध्यापक सीआरपी उपस्थित थे।

# बंदूक के बल पर गरीबों की जमीन लूटना चाहती है सामंती ताकतें: सत्येंद्रनाथ तिवारी

**पूर्व विधायक के नेतृत्व में डीसी से मिला बनुआ गांव का आदिवासी परिवार, लगायी न्याय की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गुरूवार को मेराल प्रखंड के बनुआ गांव के आदिवासी परिवार का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिला। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त लोग वर्षो से मकान बनाकर उक्त जमीन पर अपना जीवकोपार्जन कर रहे है। लेकिन दंबग किस्म के लोग उनलोगों के जमीन को अपना बता रहे है। पूर्व विधायक ने कहा कि सामंती लोग आदिवासी परिवारों का बंदूक और राइफल का भय दिखाकर जमीन



लूटना चाहते है। जबकि उक्त गांव के करीब 70 से अधिक आदिवासी परिवार वर्षो से मकान बनाकर रह रहे है। सभी आदिवासी परिवारों के जमीन का रसीद भी कटता है। पूर्व विधायक ने कहा कि उनके रहते कोई भी ताकत गरीबों, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार नहीं कर सकता है। वह शुरू से ही सामंती ताकतों का विरोधी रहे है। जब-जब सामंती लोग गरीबों पर जुल्म करने का प्रयास किए है। हर समय वह गरीबों के पक्ष में जनआंदोलन के माध्यम से उन्हें न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास किए है। उन्होंने कहा कि डीसी और एसपी ने भी आदिवासी परिवारों को बगैर किसी भय में अपना जमीन पर काबिज रहने को कहा है। दोनों अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि गरीबों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि झामुमो सरकार में रक्षक ही भक्षक बन गया है। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री के संरक्षण में ही सामंती लोग फल-फूल रहे है। मंत्री गरीबों का न्याय करने के बजाए मौके पर लोगों के बीच शराब का वितरण कराने में मशगूल है। उन्होंने कहा कि पिछले 22 दिनों से एक व्यक्ति अपनी साली के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए आमरन अनशन पर बैठा था। लेकिन मंत्री ने उक्त व्यक्ति का शुद्धि लेना भी उचित नही समझे। उन्होंने कहा कि बुधवार शाम को वह उक्त व्यक्ति को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाकर अनशन तोड़वाया। पूर्व विधायक ने कहा कि उनके रहते किसी भी गरीबों का जमीन को लूटने नही दिया जायेगा। इस दौरान महेन्द्र सिंह, भोला सिंह, अनूज सिंह, प्रेमन सिंह, विनोद सिंह, सुरेन्द्र राम, अंजली देवी, नरेश सिंह, नवीन सिंह, रवि सिंह, ममता देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से उत्तरप्रदेश के युवक की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। गढ़वा रोड चोपन रेल खंड पर बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन से 200 मीटर पूरब दिशा में मालगाड़ी के चपेट में आने से एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। घटना के बाद स्थानीय रेलवे स्टेशन में प्रतिनियुक्त आरपीएफ के जवान ने जीआरपी थाना को सूचना दिया। घटना स्थल पर मृतक के जेब से गिरे आधार कार्ड से पहचान धर्मेंद्र कुमार चौधरी उम्र लगभग 35 वर्ष, उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रूप में हुई। घटना के जानकारी फैलते ही आस पास के लोगो की भीड़ घटना स्थल पर लग गया। शव को देखने के बाद लोगो ने बताया की मृत व्यक्ति मानसिक रूप से बिछिप्त लग रहा है। जीआरपी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।**

# दो माह तक हमें चुनाव को त्योहार के रूप में मानना होगा: केके यादव

**पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक में लोस चुनाव, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान और शोक सभा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा इकाई के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे। बैठक में ग्रीष्मकालीन समय में कार्यालय के कार्य का समय परिवर्तन, लोकसभा चुनाव का स्वागत, कल्याण कोष की मजबूती, पेंशनरों की समस्याओं का समाधान और शोक सभा का आयोजन आदि विषय पर पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केके यादव ने कहा कि लगभग दो माह तक हमें चुनाव को पर्व और त्योहार के रूप में सम्मिलित होकर मानना होगा। पेंशन से संबंधित समस्याओं का निष्पादन फिलहाल बंद रहेगा।

सचिव अशर्फी राम ने कहा कि हमारा संगठन जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान करने में आगे है। 23 मार्च को आयोजित होली मिलन समारोह की काफी प्रशंसायें मिली है। सभा को संबोधित करने वालों में रामाधार प्रसाद यादव, मक्खन यादव, निर्मल कुमार साहू ,श्रवण कुमार शिवनारायण प्रसाद, देवांश राम, संतोष कुमार और संरक्षक सीताराम चौबे आदि ने अपने-अपने विचार एजेंडा के अनुसार रखने का कार्य किया। कोषाध्यक्ष द्वारा कोष की स्थिति और आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अनेक प्रस्ताव पारित किया गया। विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि ध्वनि मत से कर दी गयी।

कार्यालय का ग्रीष्मकालीन समय को परिवर्तित करते हुए माह अप्रैल से माह जून तक प्रातः 9:00 बजे से 12 बजे अपराह्न तक रखने का निर्णय लिया गया। इसके बाद कार्यालय पुराने समय से चलेगा। कल्याण कोष को मजबूती प्रदान करने हेतु सहयोग करने का निर्णय लिया गया। यदि किसी पेंशनर को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह अपना लिखित शिकायत पत्र कार्यालय में जमा करने हेतु, उन्हें कहा गया । स्वर्गीय मूंगा राम, सेवानिवृत शिक्षक डंडई के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना किया गया।

# अवैध बालू ढुलाई के विरुद्ध कार्रवाई में दो ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** अवैध बालू परिवहन मामला में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने कारवाई करते हुए बालू लदा दो ट्रैक्टर को एकागुड़ी रियाडा के पास स्थित हनुमान मंदिर के समीप से पकड़ कर थाना लाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी रियाडा पथ स्थित हनुमान मंदिर के समीप से बिना नंबर का एक ट्रैक्टर और एक जेएच 08 एच 0344 नंबर का ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह द्वारा बालू लदा हुआ दो ट्रैक्टर को रोक चालक से कागजात की मांग किया गया। परंतु चालक द्वारा बालू परिवहन से सम्बंधित किसी तरह का कागजात प्रस्तुत नही करने पर बालू लदा दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना लाया गया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना का सत्यापन के दौरान बालू लाद कर दो ट्रैक्टर को बालू परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। उन्होंने कहा की जप्त ट्रैक्टर व ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कार्रवाई करने हेतु अंचलाधिकारी को अवगत कराया गया है। जिसे उनके निर्देश पर खनन विभाग द्वारा नियम संगत कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही कहा कि खनन विभाग का खनिज संपदा तथा राजस्व क्षति का रोक के लिये लगातार थाना क्षेत्र में कार्रवाई किया जायेगा।

# सांप्रदायिक हिंसा के चार साल बाद प्रभावितों को मिला मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में 23 जनवरी 2020 को विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों द्वारा नागरिक संशोधन कानून के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली गयी थी। इस दौरान भड़की हिंसा के प्रभावितों को घटना के चार साल बाद सरकारी मुआवजा मिला है। सरकार ने 91 लोगों को कुल 51.53 लाख रुपये का मुआवजा दिया है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इस घटना में सैकड़ों लोग प्रभावित हुए थे। करोड़ों की संपत्ति बर्बाद हो गयी थी। कई लोग घायल हुए थे। एक युवक की मौत भी हो गयी थी।

**इन 91 लोगों को मिला मुआवजा :** अब्दुल रजाक, दुखहरण राम, मो अबरार, जान खलीफा, सरफराज अंसारी, इरफान आलम, जियाउल हक, आफताब अंसारी, आकिब जावेद, मुस्तकीम अंसारी, प्रसुक कुमार, साबिर अंसारी, सलाउद्दीन, इस्लाम अंसारी, मोखतार अंसारी, मुजुर अंसारी, सुहैल अख्तर, इजराइल अंसारी, अयाल आलम, तबरेज अंसारी, कौशर अशरफ, जसीम अंसारी, राजेश प्रसाद, फि रदौस अंसारी, यूसुफ अंसारी, अमजद अंसारी, गुलाम सरवर, असलम, आलम अंसारी, अशर अंसारी, साहिद अंसारी, रुस्तम , सयुफ अंसारी, इकबाल अंसारी, साजीद अंसारी, गिरवर प्रसाद, दीपक कुमार, सामू प्रसाद, खालिक खान, इंजामामुल हक, इदरीश अंसारी, अजहरउद्दीन, फिरोज अंसारी, मोजाहिद तौक ीर, साबिर अंसारी, मिनहाज, मेराज आलम, नेसार अंसारी, फैयाज आलम, बजरंग साहू, अताउल्लाह अंसारी, अफसर अंसारी, एकराम कुरैशी, मोहताब आलम, रामकेवल सोनी, सुनील कुमार, अजीत कुमार, अभिषेक पाठक, ज्ञानचंद बरई, गुलाम जिलानी, शहिद हक, इम्तियाज अंसारी, आफताब अंसारी, शहजाद आलम, अख्तर आलम, रफीक अंसारी, किशोर साहू, जीमल अख्तर, रतिया उरांव, राजीउल्लस अंसारी, तुलसी साहू, अहमद खान, मुंशी लाल साहू, मुमताज अंसारी, विनय कुमार साहू, रंजीत मुखर्जी, शशि कुमार, महफूज अंसारी, फिरोज आलम, सलाउद्दीन, संजित विश्वास, मुमताज खान, जुमन अंसारी, जमील अहमद, जाकिर अंसारी, सलीम अंसारी, महमूद अंसारी, कयूम अंसारी, मजीद अंसारी, शेख अताउल और अजीज अंसारी शामिल है।

**शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान भड़की थी हिंसा :** शहरी क्षेत्र के ललित नारायण स्टेडियम से लेकर शहर के मुख्य मार्ग में तिरंगा यात्रा निकाली गयी थी। 23 जनवरी 2020 को नागरिक संशोधन कानून यानी सीसीए के समर्थन में विश्व हिंदू परिषद और दूसरे संगठनों द्वारा यह तिरंगा यात्रा निकाली गयी थी। इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर पत्थरबाजी हुई थी। पुलिस प्रशासन के जवान, अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी के साथ-साथ आम लोग भी घायल हुए थे। यह हिंसा इतनी भयावह थी कि करोड़ों की संपत्ति फूंक दी गयी थी। घटना में सैकड़ों लोग घायल हुए थे।

# मतदान कर्मियों का हुआ मेडिकल परीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त कतिपय मतदान कर्मियों द्वारा अपनी शारीरिक अस्वस्थता/ बीमारी/ विकलांगता के कारणों से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अभ्यावेदन समर्पित किये गए थे। जिनका चिकित्सीय परीक्षण गुरुवार को झारनेट सभाकक्ष में गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा किया गया। इसमें कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें 77 कर्मी मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुए और 05 अनुपस्थित रहे। मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी समेत मेडिकल बोर्ड के सदस्य उपस्थित थे।

# लातेहार में कोल माइंस के समीप ब्लास्टिंग के झटके से गिरा घर

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार प्रखंड के तुबेद कोल एरिया में कोयला खनन को लेकर ब्लास्टिंग की जाती है, और देखा जाता है। हर दिन ब्लास्टिंग की जाती है। परंतु कोलियरी के ठीक सटे कई गांव बसे हुए हैं। वही तुबेद कोल माइंस के तरफ से किसी तरह का कोई सेफ्टी का ख्याल नही रखा जाता हैं। और हर रोज ब्लास्टिंग की जाती है। यह बात डीही ग्राम निवासी श्यामलाल उरांव ने बताया कि कोयला खनन के लिए ब्लाटिंग की जाती है। विस्फोट होने के कारण मेरा घर का छत जो खपड़े का है। वह पूरी तरह गिर गया है। यह घटना सदर प्रखंड मुख्यालय से महज आठ किलोमीटर दूर डीही पंचायत के टोला डिलवाही में 27 मार्च 2024 को दोपहर में कोयला खनन को लेकर बम विस्फोट किया गया और श्याम लाल का घर का खपड़े का छत उड़ गया। ऐसी घटना होने पर आस पास के लोग डरे हुए है, और अब श्यामलाल का परिवार को चिंता सत्ता रही है, कि अब वे लोग कहां रहेंगे। वही कंपनी के द्वारा ग्रामीणों को किसी भी तरह का सुविधा नही मुहैया कराया जाता है। पास में लगे खेत मे फसल को भी खनन होने से धूल से फसल बर्बाद हो जाती है। परंतु हमलोगों को कोई सुनने वाले नही है। हम असहाय गरीबों आदिवासी को ऐसे कंपनी जमीन घर से हटाना चाहती है।

**क्या कहते है डीवीसी के जीएम :** इस संबंध में पूछे जाने पर डीवीसी के जीएम जीके मांड्या ने कहा कि हमें कोई भी जानकारी नहीं है कि ब्लास्टिंग से किसी व्यक्ति का घर उड़ गया है। अगर कोई कहता है तो यह गलत बात है। हम लोग पूरी तरह से सेफ्टी का ख्याल रखते हैं तभी खनन को लेकर ब्लास्टिंग का काम करते हैं घर उड़ाया गया है यह कहना गलत है।

# चुनाव को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कण्डरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा एस आई मनीष कुमार महतो के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में किसी राजनीति पार्टी का चुनावी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार, गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब या अन्य नशिला पदार्थ तथा पैसा का जांच किया गया। वही वाहन जांच के दौरान एसआइ मनीष कुमार महतो ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 50 हजार रुपैया नगद या उसे अधिक पैसा साथ लेकर चलना या अन्य किसी तरह से चुनाव में धनबल का दुरुपयोग करना तथा चुनाव को बाधित करने के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यो को रोकने के लिये वाहन जांच किया जा रहा है। यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव को प्रभावित करने किसी तरह का गलत कार्य करता है। तो उस पर अचार संहिता का उलघ्नन के तहत नियम संगत करवाई किया जायेगा। मौके पर दंडाधिकारी अनिल उरांव और एसआइ मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

# मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी और हाइवा ट्रक जब्त



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय स्थित फायरिंग रेंज के समीप अवैध मिट्टी खुदाई कर रही जेसीबी व एक हाइवा को सीओ दुर्गा कुमार व थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने जब्त किया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि भंडरा-आकाशी सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक द्वारा अवैध रुप से मिट्टी की कटाई की जा रही थी। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय को दी गई। इसके बाद भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के साथ छापेमारी कर एक जेसीबी और एक हाइवा को जब्त किया है।

# पीडीजे ने किया जेल का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंडल करा लोहरदगा का निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा अधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के द्वारा किया गया । इस अवसर पर जेल अधीक्षक सह एसडीओ अमित कुमार, जेलर सुबोध कुमार, सीजेएम डॉक्टर चंदन एवं डालसा सचिव राजेश कुमार भी अपस्थित रहे। पीडीजे ने जेल के वीभिन्न वार्ड का निरीक्षण किया । साथ ही साथ पाकशाला में जाकर खाने की गुणवत्ता की भी मुआयना किया । महिला बंदियों से रूबरू होते हुए पीडीज ने उनके समस्याओं को भी सुना। वर्तमान पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष का कार्यकाल 31 मार्च 2024 तक की है । अतः उन्हें जेल के अधीक्षक अमित कुमार ने शॉल एवं बुके प्रदान कर उनका सम्मान किया ।

# पॉक्सो एक्ट के फरार वारंटी के घर की कुर्की-जब्ती



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पझरी गांव में पॉक्सो एक्ट के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे नामजद के घर गुरुवार को सीओ दुर्गा कुमार की उपस्थिति में कुर्की जब्ती की । इस आलोक में सीओ दुर्गा कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पझरी गांव पहुंचकर पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे नामजद मदन लोहरा के पुत्र छोटू लोहरा उर्फ रंजीत मुंडा के घर कुर्की जब्ती की। इस संबंध में अनुसंधानकर्ता ने बताया कि घर में रखे सभी सामान की कुर्की की गई। इस मौके पर सूरज कुमार, जलील अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झुमेलाटांड में नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज/ लातेहार।** हेरहंज व पांकी प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र जांजो ग्राम स्थित झुमेलाटांड़ में नीलाम्बर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया.इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में तेतरी कुंवर जमीन दाता,विशिष्ट अतिथि के रूप में पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों ने सर्व प्रथम नीलाम्बर-पीताम्बर के आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जमीन दाता तेतरी कुंवर, पांकी के पूर्व विधायक श्री सिंह ने सभा में सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार नीलांबर पीताम्बर ने देश की आजादी के लिए अपना प्राण निछावर किया। अंग्रेजों से लड़कर स्वतंत्रता दिलायी। हमलोग उनकी याद में 28 मार्च को नीलांबर पितांबर शहादत दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। नीलांबर पितांबर दोनों भाइयों का शहादत बेकार नहीं जाएगा। दोनों भाई 1857 में अंग्रेजों से लोहा लेते हुवे शहीद हो गए। जिनकी याद में हम सभी झारखंड वासी 28 मार्च को नीलाम्बर पिताम्बर शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता-अखिल झारखंड खरवार आदिवासी विकास परिषद के प्रखंड अध्यक्ष-मनोज सिंह ने किया व मंच संचालन -राजेश्वर सिंह ने किया। वहीं प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरना भवन के समीप पहली बार बालदेव भोक्ता, उपाध्यक्ष मालेश्वर भोक्ता,केंद्रीय सदस्य बसन्त गंझू की अध्यक्षता में नीलांबर पितांबर का सहादत दिवस मनाया गया। मौके पर-विनय सिंह, सरहुली सिंह, मंजीत सिंह, बिपिन सिंह, व्यास यादव, बिनोद यादव, राजेन्द्र यादव, देवनंदन यादव, ग्राम प्रधान कुलेश्वर पाहन समेत काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

# ऑटो और कार की टक्कर में आधा दर्जन लोग जख्मी

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू - रांची उच्च पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के बरवाटोली के नजदीक गुरुवार की दोपहर करीब 1ः 30 बजे उस समय अफरातफरी मच गयी, जब एक कार और ऑटो की टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर रोड के किनारे पलट गया। इससे टेम्पो में बैठे थाना क्षेत्र के ककरगढ़ के रहने वाले याकूब अंसारी की 45 वर्षीय पत्नी नाजबुन खातून, ग्राम लावागाई के रहने वाले 35 वर्षीय बिरसा महली पिता स्व सोमरा महली उसकी पत्नी बिमला महली और दो छोटी बच्ची घायल हो गयी। इन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज किया गया। बताया जाता है कि ऑटो कुडू से मांडर की ओर जा रहा था तभी आगे आगे चल रही कार के अचानक ब्रेक लगाने से ऑटो पीछे से टकरा गया।

# चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के आदेशानुसार चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान कानूनी साक्षरता के कार्यक्रम में गुरुवार को सेन्हा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायत के सुदूर ग्रामीण इलाकों में अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव , फून्नी साहू पीएलबी प्रियांशु कुमार , मंजु खाखा ,दुखिता मिंज के द्वारा कानुनी जानकारी दी गई। अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव द्वारा ग्रामीणों को दुर्घटना मुआवजा, डायन बिसाही, कानून को अपने हाथ में नहीं लेने तथा प्राधिकार द्वारा सरकारी खर्च पर निःशुल्क अधिवक्ता, निःशुल्क कागजात, निःशुल्क कोर्ट फीस के लिए खर्च अभिलेखों को तैयार करने का खर्च गवाहों को आने-जाने का खर्च मुकदमे से संबंधित अन्य जरूरी खर्च के विषय में बताया। वही अधिवक्ता पुन्नी साहू के द्वारा ग्रामीणों को शराब का सेवन न करने घरेलू हिंसा न करने बिना हेलमेट के वाहन का प्रयोग नहीं करने लाइसेंस बनवाने आदि के संबंध में बताया गया। इस कार्यक्रम में जिसके अंतर्गत बूटी डूमर टोली, भड़गांव, जोगना झकरा आदि के ग्रामीण उपस्थित थे।

# शहीद नीलांबार-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया गया

कुतुबुद्दीन



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कड़रका नदी के समीप गुरूवार को जंग-ए-आजादी के महानायक, झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की 166वां पुण्यतिथि के अवसर पर शहादत समारोह का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।शहादत दिवस समारोह मे निलांबर पीताम्बर व स्व रामदेव भोगता की चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया गया। वहीं शहीद नीलांबर पीताम्बर के याद करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इसके पश्चात आए सभी अतिथियों को बैच लगा व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खेरवार भोगता के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझु ने किया जबकि मंच का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष योगेन्द्र गंझु ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझु ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन अमर शहीद नीलांबर पीतांबर को अंग्रेजी हुकूमत ने मौत की सजा दी थी। देश की आजादी के लिए शहीदों ने जंग छेड़ दी थी और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। 28 मार्च के दिन ही अंग्रेजों ने दोनों वीर महापुरुषों को लेस्लीगंज स्थित पेंड़ मे फांसी दे दी थी। दोनों भाइयों की इस कुबार्नी की याद में हर वर्ष शहादत समारोह का आयोजन कर उनकी कुबार्नी को याद किया जाता है। साथ ही कहा हमलोग झारखंड सरकार से इनके शहादत दिवस पर 28 मार्च को सरकारी अवकाश का भी मांग करेंगे।

वहीं धर्म अगुआ तेतर उरांव ने कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर की कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता,उन्होंने कहा कि इन्हीं शहीदों की कुबार्नी के कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं. अंग्रेजी शासन के खिलाफ देश को आजाद कराने के लिए शहीदों ने अपनी जान की कुबार्नी दे दी.उनके कुबार्नी को कभी भी चुकाया नहीं जा सकता है।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड आदीवासी बहुमुल्य क्षेत्र कहलाता है।पर हमारी और आपकी कमी के कारण जल जंगल जमीन हमसे दूर होता चला जा रहा है। उन्होंने जंगल को रक्षा करने का अपील किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जमूना पाहन, कुलदीप गंझु, महेंद्र गंझु, मोहन गंझु, सुरेश, राजु, बिनोद, सुनिल, महाबीर, मुकेश, धुजू, गौरीशंकर, कैलाश, डुबने, अरूण गंझु का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक आयोजित कर दिये गये दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में लोकसभा चुनाव में मतदात जागरूक अभियान को लेकर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक आयोजन कर दिशानिर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूक करें जिसे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। साथ ही कहा कि जिन आगनबाड़ी केंद्रों में बिजली, पानी, रैंप व शौचालय नही है। वैसे केंद्र की सेविकाएं जल्द उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें जिसे व्यवस्था निश्चित किया जा सके तथा जिस जगहों में बिजली का कार्य हो रहा है। वैसे जगह का रिपोर्ट दें। मौके पर पर्यवेक्षिका अंजनी बेक के अलावे किरण कुमारी, गीता देवी, शहनाज बेगम, टिंकी देवी, रजनी देवी, शांता मिंज, अनिता सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे।

# चैनपुर में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे एक जंगली हाथी ने चैनपुर मुख्यालय से सटे छतरपुर गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए गरीब किसान के घर को ध्वस्त कर घर में रखें अनाज को खा कर व छिट कर नष्ट कर दिया। किसान प्रकाश बाखला ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 5:00 बजे के करीब एक जंगली हाथी ने धावा बोलते हुए उसे ध्वस्त करने लगा जंगली हांथी ने घर को चारों ओर से धास कर गिरा दिया है। वही घर में रखे धान चावल अनाज को भी बर्बाद कर दिया। प्रकाश बाखला ने बताया कि हाथी द्वारा घर तोड़ने की आवाज से नींद खुली तो उसने देखा कि एक विशालकाय हाथी उसके घर को तोड़ रहा हैं। किसी प्रकार सभी लोग घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। उसके बाद किसान ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया और हाथी के द्वारा हमले की जानकारी दी, जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने हाथी को जंगल की ओर का भागा दिया। पीड़ित किसान ने वन विभाग से मुवावजे की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार अभी हाथी चैनपुर वह जारी प्रखंड के सीमावर्ती जंगल में है। बताते चलें कि जंगली हांथी चैनपुर एवं जारी के सीमावर्ती जंगलों में आश्चर्य लिए हुए वहीं प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव में धावा बोलकर किसानों के घरों में फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है पिछले कई वर्षों से वन विभाग को हाथी को खदेड़ने की मांग की जा रही है उसके बाद भी लापरवाह वन विभाग को पीड़ित किसानों एवं ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की चिंता नहीं है।

# गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा में चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोकसभा चुनाव के निमित गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में गुमला/ लोहरदगा/ सिमडेगा के गुमला जिले में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्र व सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत किए गए चुनावी तैयारियों एवं विधि व्यवस्था को लेकर एक विशेष बैठक हुई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्णा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक गुमला/ लोहरदगा/ सिमडेगा सहित तीनों जिलों के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।



बैठक में क्लस्टर, मतदान केंद्रों, रूट चार्ट, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, बूथ लिस्ट, पोस्टल बैलेट, मतदान एवं क्लस्टर में विशेष विधि व्यवस्था, मतदान केंद्रों में सभी प्राथमिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं रिसीविंग सेंटर में संबंधित एसी के ही कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने आदि संबंधित विशेष बिंदुओं पर परिचर्चा हुई। इस दौरान पी-1, पी+2 से जुड़े एसी वाइज किए जाने वाले तैयारियों के विषय में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिये गये। सिमडेगा, लोहरदगा एवं गुमला के सीमांतों में भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। बैठक से पूर्व सभी एआरओ के द्वारा गुमला पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाये गये स्ट्रॉन्ग रूम का अवलोकन किया गया था। जिसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ने सभी अउ के एआरओ से द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली एवं सभी एआरओ द्वारा चयनित स्ट्रॉन्ग रूम के स्थान पर संतोष व्यक्त किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला ने सभी संबंधित जिलों के एआरओ को गुमला अंतर्गत बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों में यदि किसी प्रकार के बदलाव की आवश्यकता हो तो उसकी भी जानकारी देने की बात कही।

इस दौरान बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अलावा उप विकास आयुक्त गुमला,अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, विशिष्ट अनुभाजित पदाधिकारी रांची सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा, एसडीओ चैनपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सिसई, गुमला,विशुनपुर, सिमडेगा, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## केंद्रीय पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक 31 को

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के बैनर तले बाघमुंडा पर्यटक स्थल में 31 मार्च को 11 बजे से केंद्रीय पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक का आयोजन किया गया है इस बैठक में सामाजिक समस्याओं पर विचार किया जायेगा। उक्त जानकारी पिछडा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने दी।

## ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, एक घायल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना अंतर्गत मड़ईकोना गांव के पास सफी नदी पुल में गुरुवार दोपहर 1:30 बजे के करीब ऑटो पलटने से ऑटो में सवार लोरंबा गांव निवासी 39 वर्षीय नरेश लोहरा पिता देवनाथ लोहार की मौके पर ही मौत हो गई। वही ऑटो में सवार निर्मल लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने नरेश लोहार के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल निर्मल लोहरा को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार पूरा परिवार अपने ही ऑटो से चैनपुर बाजार आ रहे थे ऑटो में कुल 11 लोग सवार थे इसी दौरान मड़ईकोना गांव के सफी नदी पुल की चढ़ाई में तीखा मोड और ऑटो की तेज गति होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं अन्य कई लोगों को हल्की-फुल्की छोटें आई है आनन-फानन में दोनों घायलों को एक अन्य ऑटो की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया जहां नरेश लोहार को मृत घोषित कर दिया।

## चलते ऑटो से गिरने से युवक हुआ घायल, सर में लगी चोट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला छत्तीसगढ़ रोड स्थित करौंदी सरकारी स्कूल के सामने चलती ऑटो से गिरने से कोलेबिरा निवासी करमचंद चिक बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। सर के बल गिरने से उसके सिर में काफी चोट लगी। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत छुट्टी कर दी गई। जानकारी के मुताबिक युवक गुमला में रहकर ड्राइवरी का काम करता है। बुधवार को सीलम बाजार से ऑटो में बैठकर गुमला की ओर आ रहा था। वह ऑटो में किनारे बैठा था और क्षमता से ज्यादा सवारी होने के कारण वह चलती ऑटो से ही सड़क पर गिर गया। घटना में उसके सिर में काफी चोट लगी। बताया जाता है कि वह शराब का सेवन किए हुए था।

# शहीद नीलांबर-पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया

**शहीद नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : मंगल भोगता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला/ सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के बारहामुड़ सामुदायिक भवन में गुरुवार को अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि शहीद नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि भोगता समाज अब भी पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। समाज को विकास की राह पर देखना है तो शिक्षित और संगठित होना होगा। केन्द्रीय महासचिव जगन्नाथ भोगता ने कहा कि सामाजिक स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद नीलांबर पीतांबर के त्याग की कहानी सुनाते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का समाज के लोगों से आह्वान किया। शहादत दिवस कार्यक्रम में संगठन सचिव बलराम प्रधान, गुमला जिला सचिव भरत प्रधान, बसंत प्रधान, दिनेश प्रधान, जयश्री प्रधान, कैलाश प्रधान, प्रेम सिंह, अजित प्रधान, सोमेश्वरी देवी, प्रियंका कुमारी, सोनू प्रधान, गुड़िया कुमारी, रेखा कुमारी, जनक प्रधान, सोनी कुमारी, शिवानंदन प्रधान, यमुना कुमारी, कृष्णा प्रधान आदि शामिल थे। सभी ने शहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# लोस चुनाव तैयारी को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** लोकसभा चुनाव तैयारियों व को लेकर बीडीओ रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित हुए। इस दौरान बीडीओ ने सभी मतदान केन्द्रों व विभिन्न प्रतिवेदनों की समीक्षा के साथ प्रखंड क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने, सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता समुह का गठन व क्रियान्वयन और अनुपस्थित, स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की पहचान कर एएसडी रिपोर्ट तैयार करने व मतदान केंद्र क्षेत्र में लगातार स्वीप कार्यक्रम चलाने सहित चुनाव से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ नितेश रौशन खलखो, सीआई अजय कुमार, बीपीआरओ सुमराई किण्डो, संत साहु, मिखन टोप्पो, फागेश्वर भगत, शैलेश कुमार यादव, सुषमा तिर्की, राजस्व उप निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, गीता कुमारी, परमानंद कुमार, श्रवण कुमार, आलोक मिश्रा, अभिषेक कुमार, विष्णु उरांव,राजकपूर, सहित सभी बीएलओ व कर्मी उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में नाबालिग छात्रा ने चूहे मारने वाली दवा खायी, अस्पताल में भर्ती

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के एक मोहल्ले की 17 वर्षीय नाबालिक छात्रा ने बुधवार को चूहे मारने वाला दवा का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक लड़की का किसी लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा है।बुधवार को फोन पर किसी बात को लेकर लड़के से विवाद हो गया। इसके बाद लड़की ने घर में रखे चूहे मारने वाला दवा का सेवन कर लिया। लड़की अपने नाना नानी के घर शहर के एक मोहल्ले में रहकर पढ़ाई करती है। इलाज होने के उपरांत व खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## गुमला में चला वाहन जांच अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला, राकेश कुमार गोप ने बिना हेलमेट पहने चल रहे वाहनों को बिना रोके टोके चालान करने का निर्देश दिया है । गुरुवार को पालकोट रोड कॉलेज के समीप मोटरयान निरीक्षक अजय रोबिन सिंह एवम सड़क सुरक्षा के कर्मियों के द्वारा बिना हेलमेट पहने सफर कर रहे लोगों पर और क्षमता से अधिक चल रहे लोगों पर ऑनलाइन करवाई करते हुए कुल 94 हजार का चालान निर्गत किया। इस कार्यवाई में वैसे वाहन जो बिना हेलमेट एवम क्षमता से अधिक सवारी के चल रहे थे उन पर विशेष ध्यान दिया गया । ऑनलाइन मशीन के द्वारा चालान ऑनलाइन ही निर्गत किया गया और रास्ते में चल रहे लोगों को रोका भी नही गया। इस दौरान बहुत से लोग भागते नजर आए लेकिन भागते लोगों का भी फोटो वीडियो बनाया जा रहा था। जिसके आधार पर चालान ऑनलाइन ही एसएमएस कर दिया जा रहा था। रोके गए गाड़ियों का वाहन से संबंधित कागजात की भी जांच की गयी। दोपहर भर चल रहे इस अभियान में करीबन 50 से 60 वाहनों से चौरांबे हजार रुपए का चालान निर्गत किया गया।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने मनाया होली मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला का होली मिलन समारोह पालकोट रोड गुमला स्थित लक्ष्मी मंदिर भवन परिसर में मनाया गया।

इस समारोह में समाज के सभी बड़े बुजुर्गों, युवाओं महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली महापर्व का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने अपने संबोधन में कहा कि होली रंगों का त्योहार जो सनातन काल से आज तक परंपरानुरूप मनाते चला आ रहा है, यह महापर्व आपसी भेदभाव एवं वैमनस्य को भुला कर आपसी भाईचारा प्रेम सद्भाव का संदेश देता है, साथ ही मानवीय जीवन में नैतिक मूल्यों समृद्धि व एकता का रंग गाढ़ा करता है तथा एक नई ऊर्जा का संचार पैदा करता है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने उपस्थित सभी स्वजातीयों को होली महापर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि विकट विपरीत परिस्थितियों में भी होली पर्व आपसी भाईचारे एवं प्रेम का सन्देश देता है। इस होली मिलन समारोह में जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू जिला कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमार जिला उपाध्यक्ष महेश लाल, जिला महामंत्री बिनोद कुमार साह कोषाध्यक्ष रवि साहू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गायत्री देवी, समाज के वरिष्ठ नेता अयोध्या साहू बैजनाथ साहू, अजित साहू सहित अनेक स्वजातीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# माता भगवती मंदिर का जीर्णोद्धार के समापन समारोह में पहुंचे समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** बाजार टांड स्थित माता भगवती का मंदिर का जीणोद्धार समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य रूप से भाजपा लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव पहुंचे। इस मौके पर गांव के बैगा पहान के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार क्षेत्र की सुख शांति व वृद्धि के लिए मां भगवती की पूजा अर्चना की गई।साथ ही लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर बैगा पहान व उपस्थित लोगों का आशीर्वाद लिया।इस मौके बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। इस संबंध में बिशुनपुर के पहान फेकुआ उरांव ने कहा की पांच



गांव के लोग मिलकर बैठे थे। जिसे पाचोरा कहा जाता है। जिसके बाद हम लोगों ने अपने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार जीर्णोद्धार देवी मंडप में क्षेत्र की सुख शांति की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया। साथ ही मंदिर में काम करने वाले मजदूर एवं मिस्त्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष केदार साहू,शिव शंकर उरांव, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बडाइक बच्चन चौरसिया,अजीत उरांव, भीम बड़ाइक, गुलाब साहू, देवेंद्र सिंह, सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला बच्चे व पुरुष शामिल थे।

## वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक हुई।इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा हुई। वोटर अवेयरनेस फोरम का मुख्य कार्य लोकसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारी को सही जानकारी उपलब्ध कराना तथा वोट देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी बैंकों, कोचिंग सेंटरों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, पब्लिक सेक्टर में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान बैठक मेंअपर समाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी , जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जेएसएलपीएस डीपीएम, पंचायती राज पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के कर्मी तथा स्वीप कोषांग के सभी कर्मी मौजूद रहें।

# अमित ने ऑनलाइन एशियाई मार्शल आर्ट और इंटरनेशनल चैंपियनशिप में दूसरा स्थान पाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** मार्शल आर्ट के क्षेत्र में ऑनलाइन चैंपियनशिप में एशियाई व इंटरनेशनल में भी खिताब पर कब्जा जमाया अमित केरकेट्टा। जिला के कराटे कारों के गुरु व जिले वासियों ने भी उन्हें भी शुभकामनाएं दी हैं । सेकंड ऑनलाइन एशिया मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2023 -24 में सेकंड टॉपर बने अमित केरकेट्टा वहीं दूसरी ओर चौथा ऑनलाइन इंटरनेशनल मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2024 मैं भी अमित ने दूसरा स्थान उम्र 36 से 42 वर्ग में बनाया है। ऑनलाइन मेडल ट्रॉफी के साथ ही प्रमाण पत्र अमित ने डाक के माध्यम से प्राप्त किया । इसके साथ ही अमित के कराटे व मार्शल आर्ट जगत के गुरु घनश्याम केसरी अनिल ठाकुर व जवाहर चौधरी के साथ ही कराटे जगत में सीनियर के तौर पर मार्गदर्शन करने वालों में विनोद प्रेमचंद टेटे व शंभू कुमार सिंह व अन्य कराटे कारों ने अमित के उपलब्धि पर उन्हें शुभकामना दी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घनश्याम केसरी ने कहा कि अमित के उपलब्धि के कारण 30 वर्ष पूर्व जिले में चल रहे हैं कराटे के क्लास की स्मृति ताजा हो गई । किंतु जिले में प्रशासनिक उपेक्षा के कारण कराटे चैंपियनशिप व छात्रों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम पूर्णता ठप है जिसके लिए गहरी दुख वह अपेक्षा के प्रति नाराजगी व्यक्त की है । वही जवाहर चौधरी ने अमित क्रिकेटर की उपलब्धि वह लगन की तारीफ करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास से असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता इसका उदाहरण जिले में अन्य कठिनाइयों व उपेक्षा के बाद भी अमित ने कर दिखाया है । अपने उदगार व्यक्त करते हुए अनिल ठाकुर ने कहां कि जिला प्रशासन और ना ही संस्थाओं के द्वारा भी कराटे के विकास में ध्यान नहीं देने के कारण कराटे व मार्शल आर्ट जैसे महत्वपूर्ण खेल में जिला पिछड़ा है । वही जिले के अन्य कराटे कारों व स्थानीय लोगों ने अमित का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अमित ने सिद्ध कर दिया है मन में सच्ची श्रद्धा वह लगन हो तो किसी भी क्षेत्र में विजय का डंका बजाया जा सकता है इसके साथ अन्य लोगों ने भी अमित को शुभकामना दी है ।

## डायन-बिसाही का आरोप लगाकर महिला के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कोनाटोली तेलगांव निवासी सतमुनी देवी ने गुमला थाना में तीन लोगों के विरूद्ध डायन बिसाही के मामले में मारपीट का प्राथमिकी दर्ज कराया है।जिसमें कहा गया है कि 11 मार्च की शाम मैं अपने बच्चों के साथ खेत में साग तोड़ रही थी। उसी दौरान सुरेश लकड़ा उसकी पत्नी डुभनी लकड़ा और उसका भाई नेलशन लकड़ा आया और गाली गलौज करते हुए डायन बिसाही का आरोप लगा कर मेरे साथ मारपीट किया जिससे मेरा माथा फट गया है। इस संबंध में पीड़िता आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का मांग की है।

## पोक्सो एक्ट का आरोपी गया जेल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के टोटो निवासी शहबाज खान को पुलिस ने बाजार टांड से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार शहबाज पर पोक्सो एक्ट के तहत गुमला थाना में मामला दर्ज था। पीड़िता के अनुसार 2022-23 में शहबाज खान ने शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग छात्रा से लंबे समय तक यौन संबंध बनाया। शादी का प्रस्ताव रखने पर शहबाज ने शादी से इंकार कर दिया और जान मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत गुमला थाना में की। गुमला थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ की तब आरोपी फरार हो गया। आरोपी के टोटो में होने की सूचना मिलने के पर गुमला थाना की पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

# चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक, तैयारियों की समीक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक की। इसमें लोकसभा चनाव में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी को अब्सेंटी वोटर्स की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य है किबिजली, पानी, बीएसएनएल, दूरदर्शन, रेडियो, विमानन सेवा, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, यातायात पुलिस, एंबुलेंस सर्विसेज, चिकित्सा, डाक, कारा,एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मीडिया व पीआइबी से जुड़े कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

**चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी दे सकेंगे वोट :** लोकसभा चुनाव 2024 के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी इस बार वोट दे सकेंगे।उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाएगी।हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा,डाक मतपत्र के नोडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग द्वारा पोस्टल बैलेट संबंधित सभी बारीकियों की जानकारी दी गयी।उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं,उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों,मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिए जाने वाले फॉर्म 12डी आदि की जानकारी दी गयी।

**अब्सेंटी वोटर्स की सूची बनाने के निर्देश :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने बैठक में उपस्थित आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों/प्रतिनिधियों से कहा कि वो ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें जो मतदान दिवस पर आवश्यक सेवा में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें और अपने संस्थान/विभाग से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आयें ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** बैठक में नोडल पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं सेवा मतदाता कोषांग अनुराग कुमार तिवारी,बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जन संपर्क पदधिकारी डॉ असीम उपस्थित थे।

# नीलांबर-पीतांबर की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता : डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी(पलामू)।** जंग-ए-आजादी के महानायक झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलाम्बर - पीताम्बर की पुण्यतिथि पर नीलांबर पीतांबरपुर और पांकी प्रखंड के जाजों में नीलाम्बर पीताम्बर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन अमर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर को अंग्रेजी हुकूमत ने मौत की सजा दी थी। देश की



आजादी के लिए शहीदों ने जंग छेड़ दी थी और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। 28 मार्च के दिन ही अंग्रेजों ने दोनों वीर महापुरुषों को फांसी दे दी थी। दोनों भाइयों की इस कुबार्नी की याद में नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में शहादत समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर,डंडार कला पंचायत के मुखिया गुड्डू सिंह,प्रसिद्ध सिंह, प्रो. शंकर शुक्ला, नीलाम्बर पिताम्बरपुर प्रमुख सुनील पासवान , यशवंत मेहता,जयकिशोर प्रसाद,अखिलेश ठाकुर , समाजसेवी कमेश यादव,वीरेंद्र चंद्रवंशी,मिंटी वर्मा, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, अवधेश सिंह, मुखिया पति यशवंत कुमार,विजय तिवारी,दिलीप मेहता,गोपाल यादव,सुधीर तिवारी,अरविंद यादव,प्रसिद्ध सिंह,रामचरित्र सिंह एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुरोहितों का कोई अर्थ नहीं, जब प्रभु की प्रजा को लाभ नहीं होता : बिशप थियोडोर



**रांची।** डालटनगंज धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास ने गुरुवार को सभी धर्मसंघी और धर्मप्रांत के पुरोहितों के साथ क्रिज्म मिस्सा बलिदान अर्पित किया। इस मिस्सा में बिशप ने तीन पवित्र तेल की आशीष की। बीमारों का तेल, दीक्षार्थियों का तेल, पवित्र विलेपन का तेल जो विभिन्न संस्कारों में प्रयोग किया जाता है। बिशप ने अपने पदग्रहण के बाद पहली बार क्रिज्म मिस्सा अर्पित किया। उन्होंने अपने उपदेश में तीनों तेल और पुरोहिताइ का मतलब समझाया। बीमारों का तेल बीमार लोगों को प्रभु की सांत्वना का मलहम लगाते हैं, ताकि वे चंगाई प्राप्त कर सकें। दीक्षार्थियों का तेल के द्वारा प्रभु के सुसमाचार प्रचार की मोहर लगायी जाती है, ताकि वे प्रभु के प्यार को बांट सकें और पवित्र विलेपन का तेल के द्वारा एक पुरोहित को जिनको प्रभु अभिषिक्त करते हैं, ताकि वह एक नबी, एक चरवाहा बन कर प्रभु की प्रजा की सेवा करे। इस अवसर पर बिशप के साथ डालटनगंज धर्मप्रांत के वीजी फादर संजय गिद्ध, फादर आरसी चाको एस जे, डाल्टनगंज पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस कुजूर, सहायक पल्ली पुरोहित फादर माइकल कुजूर, तीनों डीनरी के डीन फादर ऑगस्टीन, फादर मॉरिस टोप्पो, फादर एमानुएल केरकेट्टा और लगभग 100 पुरोहित गण, 50 धर्म बहनें, 75 धर्मबंधु गण 300 खीस्तीय विश्वासी गण उपस्थित थे।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (मेसरा) के राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 29 मार्च को होगा। इसका विषय अभियांत्रिकी और विज्ञान में नव प्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आरटीइएस-2024) है। यह सुबह 9.30 बजे से संस्थान के आरएंडडी सभागार में होगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीडीआरआइ (लखनऊ) की प्रोफेसर और वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिव्या सिंह, संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना, कार्यक्रम की संयोजक डॉ ऋचा पांडे, अप संयोजक डॉ दिलीप कुमार सिंह और राजभाषा प्रकोष्ठ के अधिकारी डॉ अमित तिवारी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन बहुभाषी शोध को भी विशेष प्रोत्साहन देगा, क्योंकि इसमें समीक्षा किये गये शोधपत्र यूजीसी केयर जर्नल विज्ञान प्रकाश में हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित किये जायेंगे।

# लोकसभा के सफल निर्वाचन को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखण्ड के पलामू और बिहार के औरंगाबाद जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक गुरुवार को बिहार सीमा पर स्थित हरिहरगंज थाना में हुई। बैठक में लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारू तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार- विमर्श किया गया। वहीं सूचनाओं के आदान-प्रदान, आपसी तालमेल व अपराधियों को धर-पकड़ में एक दूसरे को सहयोग करने पर बल दिया गया। शराब और हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर भी चर्चा हुई। इस संबंध में पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि चुनाव



को लेकर पलामू और औरंगबाद जिले के वरीय और सिमा क्षेत्र के थाना प्रभारीयों के साथ सांयुक्त बैठक की गई। जसमे शराब और हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की जाएगी। अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित व वारंटियों के खिलाफ बिहार और झारखण्ड की पुलिस सांयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। बैठक में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, औरंगाबाद एसपी स्वपना जी मेश्राम, औरंगाबाद सदर-2 एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम,हरिहरगंज थाना प्रभारी चन्दन कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन,पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार,नौडीहा बाजार थाना प्रभारी और बिहार के औरंगाबाद जिले के थाना प्रभारियों मे अम्बा, कुटुम्बा,टण्डवा, नवीनगर अंचल, ढीबरा आदि थाने के थाना प्रभारी शामिल थे।

## शादी के ढ़ाई महीने बाद ही दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मारा, 10 साल की सजा

हुसैनाबाद । हुसैनाबाद थाना क्षेत्र निवासी को दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मारने वाले एक पति को न्यायालय ने 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। गुरुवार को पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने आरोपी पति भीम कुमार उर्फ भीम राम को पत्नी के हत्या का दोषी पाया। जिसके बाद सजा का ऐलान किया। शादी के करीब ढाई महीने बाद ही संजू देवी को ससुराल में जलाकर मार दिया गया था। इस मामले में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा निवासी भोलाराम ने अपने दामाद हुसैनाबाद शहर के वार्ड-12 निवासी भीम कुमार समेत बेटी के ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया था कि शादी के ढाई माह तक बेटी ससुराल में ठीक से रही। इसके बाद पति, पति का भाई व उसकी पत्नी मृतका से 50 हजार रुपये व मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मोटरसाइकिल व पैसा का डिमांड पूरा नहीं हुआ तो मृतका को प्रताड़ित करने लगे। मृतका ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को दिया था। मृतका की मां कौशल्या देवी ने दामाद को 20 हजार रुपए दिया था और बाकी पैसा बाद में देने की बात कही थी। पैसा देने के बाद दूसरे दिन एक जुलाई 2021 को सूचना मिली कि बेटी जल गई है। अन्य अभियुक्त के केस की सुनवाई अलग चल रही है।

# हुसैनाबाद भाजपा मंडल और बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद नगर मंडल, हुसैनाबाद ग्रामीण मंडल एवं उर्धवार मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक गुरुवार को हुसैनाबाद के होटल रिद्धि सिद्धि में आयोजित की गई।

मौके पर पलामू सांसद सह भाजपा के सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा पलामू जिले का संगठन बहुत मजबूत है। यहां के कार्यकर्ता अनुभवी हैं। यही कारण है कि इस जिले का संगठन क्षमता के लिए प्रदेश ही नहीं देश में भी पहचाना जाता है। हमारे कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करते हैं और हम बूथ को जीतने के साथ ही चुनाव जीत जाते हैं। बीजेपी अपने बल पर 370 एवं सहयोगियों के साथ 400 पार करेगी हर बूथ पर 51 परसेंट वोट का लक्ष्य तय



करे। पहले हम मतदान करेंगे तब जलपान करेंगे।उन्होंने कहा कि शहर के लोगो से खास निवेदन है की शहर में मतदान का प्रतिशत गिरता जा रहा है इसे बढ़ाने की जरूरत है।हुसैनाबाद में बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने एवं संचालन महामंत्री श्रवण गुप्ता ने किया। उरद्वार में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम राज मेहता ने किया।कार्यक्रम को प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, हुसैनाबाद से पूर्व विधायक प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह प्रफुल्ल कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह ,सी बी रमन सिंह, कामेश्वर सिंह, रामेश्वर राम आदि ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, डॉक्टर ईश्वरी पांडे ,सांसद निजी सचिव अलख दुबे,लड्डू सिंह, अजय जायसवाल ,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान,सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदय विश्वकर्मा, प्रशांत कुमार सिंह, मुन्ना सिंह ,राजेश कर्ण, संतोष गुप्ता ,सुबोध कश्यप समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित टॉपरों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला के संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी कक्षा के तीन टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का उद्घाटन विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन,सेवानिवृत बीईओ सत्येंद्र नाथ चौबे,स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम व सिटी मिशन मैनेजर जितेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। विश्रामपुर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। कठोर परिश्रम व लगन से ही मुकाम पाया जा सकता है। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल अनुशासन व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण हो इसके लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने का प्रयास किया जाए। सेवानिवृत्त बीईईओ सत्येंद्र नाथ चौबे ने कहा कि कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माता पिता का अहम योगदान होता है। शिक्षक केवल प्रेरक का काम करते हैं। समय का सदुपयोग कर सिकंदर बन सकते हैं। इसके लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करना होगा। विषयगत जानकारी हीं सब कुछ नहीं कदम कदम पर हमें सिखने की जरूरत है। संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ हीं बेहतर तकनीकी शिक्षा देने को लेकर हमेशा प्रयासरत भी है। बताया कि स्कूल प्रबंधक बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाती है। जहां स्कूली छात्र छात्राएं प्राकृतिक अनुभव का अध्ययन कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करते रहे हैं। मौके पर साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत तिवारी, सचिव रीना,प्राचार्य मोनिका एक्का,प्रीति चौरसिया, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, जोस्मिता लकड़ा, उषा रोनिता, संजय कुजूर, फिलिसिया तिर्की, पूनम खेस,मिताली विश्वकर्मा, मनीष गुप्ता, निधि कुमारी,अल्बिना एक्का, इबरार अंसारी,अफजल अंसारी, शत्रुध्न नायक, प्रतिमा विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## महावीर मंदिर के प्रांगण में छतरपुर के रामनमी पूजा समितियों ने की बैठक



**छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही)।** श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में महावीर मंदिर के प्रांगण में छतरपुर के पूजा समितियों के साथ बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सह बजरंग दल के संरक्षक रितेश चंद्रा ने किया एवं संचालान बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सह श्रीराम सेना समिति के सचिव मोनू गुप्ता ने किया। बैठक में रामनवमी धूमधाम से मानाने विचार विमर्श किया गया। सभी पूजा समिति अपने अपने कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लोग को बताया। इस मौके पर श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष सह बजरंग दल संरक्षक, रितेश चंद्र, सचिव सह बजरंग दल जिला सहसंयोजक मोनू गुप्ता, व्यवस्थापक पवन गुप्ता, बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक राहुल राय, संरक्षक मोहन कुमार,डोमन प्रजापति कृष्ण चंद्रवंशी, डॉ सुनील कुमार वर्मा,बिकी सिंह सदस्य डॉ बीके यादव,अमित जायसवाल,विनोद पासवान, गुड्डू वर्मा, दीपक कुमार,अवधेश यादव, कृष्ण सिंह अजीत कुमार, क्रांति कुमार, सिंटू सिंह, जय गुप्ता, सोनू गुप्ता, नंदन कुमार, जितेंद्र गुप्ता,विकास कुमार, संतोष कुमार, मनोज, नितिन, विवेक, रोशन, हर्ष, गौतम, हीरालाल आदि सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

## स्पोर्ट्स



इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें सीजन के पहले दिन (उद्घाटन और मैच) रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने प्रसारण देखा।



# आइपीएल-2024 का ओपनिंग-डे 16.8 करोड़ दर्शकों ने देखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 17वें सीजन के पहले दिन (उद्घाटन और मैच) रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने प्रसारण देखा। लीग के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर डिज्नी स्टार नेटवर्क ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पहले दिन 1276 करोड़ मिनट का वॉच-टाइम दर्ज किया गया, जो कि किसी भी आइपीएल सीजन के शुरुआती दिन के लिए सबसे ज्यादा है। हालांकि, डेटा में आइपीएल-2020 सीजन शामिल नहीं है, जो कोरोनो महामारी के दौरान यूएइ में हुआ था।

पहले दिन कुल 6.1 करोड़ दर्शकों ने डिज्नी स्टार नेटवर्क पर



एक साथ प्रसारण देखा। यह भी एक रिकॉर्ड है। इस सीजन का पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया था। आइपीएल के सीजन-17 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार्स और सिंगर्स की परफॉर्मेंस देखने को मिली। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी में एआर रहमान, सोनू निगम, मोहित चौहान और नीती मोहन जैसे सिंगर्स ने अपने हिट गानों से समां बांध दिया था। सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया था। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया। 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन का आगाज जीत से किया था। नये कप्तान ऋतुराज गायकवाड की लीडरशिप में उतरी उरङ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में शुक्रवार रात आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाये। जवाब में चेन्नई ने 18.4 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया था।

# इस अक्षय तृतीया पर देश में नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह

**अग्रगति ने लिया संकल्प, दिल्ली से भरी गयी है बाल विवाह रोकने का हुंकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया और शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक भी बाल विवाह नहीं होने देने की हुंकार भरी गई है। इसकी रणनीति दिल्ली में तैयार की गई है। उक्त बातें अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने कहीं। उन्होंने कहा कि शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर गांव-देहात में काम कर रहे सामुदायिक सामाजिक कार्यकताओं के लिए यह काफी महत्वपूर्ण समय है। इस समय हजारों की संख्या में बच्चों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है। अक्षय तृतीया का त्योहार बाल विवाह की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश भर के 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है ।जो 2030 तक देश में बाल विवाह के खात्मे के लिए जरूरी ह्यटिपिंग प्वाइंटह्ल यानी वह मुकाम जहां से बाल विवाह अपने आप खत्म होने लगेगा। इसको हासिल करने के लिए जमीनी अभियान चला रहे हैं।

**प्रशिक्षण में सोशल वर्कर के बीच कार्यशाला :** इस मुद्दे पर दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। कार्यशाला में आने वाले शादी ब्याह के मौसम में बाल विवाह की रोकथाम के लिए इन कार्यकताओं को अदालत से निषेधाज्ञा आदेश लाने, प्रत्येक गांव का जनसांख्यिकीय अध्ययन और बाल विवाह की दृष्टि से संवेदनशील परिवारों की पहचान, धार्मिक स्थलों के सामने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने वाले तथा इस मंदिर या मस्जिद में बाल विवाह नहीं कराए जाते हैं जैसे पोस्टर? लगाने, पंचायत भवनों में बाल? विवाह कराने या इसमें शामिल होने पर होने वाली सजा के बारे में जानकारी देने? वाले पोस्टर लगाने सहित तमाम उपायों पर चर्चा की गई। देश में बाल विवाह की ऊंची दर वाले इलाकों में पिछले एक वर्ष में गैरसरकारी संगठनों और सरकार के कार्य गति पकड़ी है। बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में अगले एक महीने काफी महत्वपूर्ण बताया गया है।

## चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी महोत्सव को लेकर पिछरी में ग्रामीणों की बैठक

**पछरी(बेरमो) (आजाद सिपाही)।** श्री श्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी महोत्सव को लेकर पिछरी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक हुई। इस बैठक में हर साल की भांति होने वाले श्री श्री सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी महोत्सव को आकर्षक, भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में दुर्गा पूजा के पूर्व कमेटी के द्वारा पिछले साल की आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। वहीं ग्रामीणों की उपस्थिति में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी जुलूस निकालने व चैती दुर्गा पूजा पर नौ दिनों तक नवरात्रि पाठ आयोजन करने की सहमति बनी। यहां सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया। इसमें पूजा समिति अध्यक्ष गणेश मिश्रा, सचिव दीपक मिश्रा, कोषाध्यक्ष गुलचंद उपाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, उपसचिव बिरंची मिश्रा, संरक्षक छत्रधारी मिश्रा आदि को बनाया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश मिश्रा ने कहा कि पिछले लगभग 65 वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से पिछरी बस्ती में सार्वजनिक रूप से दोनों त्योहार धूमधाम के साथ मनाते आ रहे हैं।

# झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने किया धनबाद का दौरा

### रणधीर वर्मा स्टेडियम में वृहद स्तर पर आयोजित स्वीप कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार ने आज धनबाद का दौरा किया। इस अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा वृहद स्तर पर आयोजित स्वीप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई 2024 को धनबाद में चुनाव होने है। इसमें सभी मतदाता बढ़ - चढ़ कर हिस्सा ले और सशक्त लोकतंत्र के गठन में अपना योगदान दे। कुमार ने कहा कि धनबाद, रांची एवं जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से बहुत कम रहा है। कई योग्य लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया है। वहीं कुछ मतदाता मतदान के दिन वोट डालने नहीं जाते। इस कारण मतदान प्रतिशत कम रहा है। आयोग के विश्लेषण के अनुसार इन शहरों में 75% से अधिक मतदान होना चाहिए। इसलिए मतदान के दिन सभी को अपनी भागीदारी दशार्नी चाहिए। उन्होंने कहा इसी उद्देश्य से वे विभिन्न जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। और मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि बिना प्रलोभन एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। अगर मन में किसी प्रकार का भय है तो अपने क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क कर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक उपक्रम, श्रमिक संगठन, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। जहां सभी को अपना नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने, छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, मतदान के लिए प्रेरित करने, स्वीप एक्टिविटी आयोजित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वहीं रणधीर वर्मा स्टेडियम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विशाल मानव श्रृंखला में शामिल होकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कविता के लिए राज प्रिया सिंह, क्विज के लिए आदिती कुमारी, डार्ट गेम के लिए सुमन कुमारी, स्लोगन के लिए आस्था कुमारी, मेहंदी के लिए जूही कुमारी, ड्राइंग के लिए स्वाति रानी एवं रूपा चौहान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने सभी को लोकतंत्र में पूरी आस्था और लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखते हुए, बिना किसी प्रलोभन तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। रणधीर वर्मा स्टेडियम से पहले झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में उपायुक्त ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। वहीं रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचने पर तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, चुनाव आईकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, श्रीमती संतोषिनी मुर्मू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने पकड़ी 124 बोतल अवैध विदेशी शराब



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर आईइएल थाना क्षेत्र के कृष्णा होटल में छापेमारी में 124 बोतल अवैध विदेशी शराब, स्टीकर और ढक्कन बरामद किया गया। अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में होटल मालिक दशरथ प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि बेरमो एसडीपीओ के निर्देश पर 25 मार्च को छापेमारी की गई है। यह छापेमारी गोमिया के इंस्पेक्टर महेश प्रसाद के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि आईइएल मार्केट स्थित कृष्णा होटल में गुप्त रूप से अवैध विदेशी शराब की बिक्री की जा रही थी। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें होटल से बीस 20 बोतल बरामद किया गया। इसके बाद होटल मालिक दसरथ प्रसाद के निशानदेही पर बैंक मोड़ स्थित उसके घर से 104 बोतल बरामद किया गया। बोतल में लगाने वाला 122 स्टीकर और अलग अलग कंपनी का खाली बोतल तथा बोतल को रिफलिंग में करने वाला ढक्कन बरामद किया गया। वहीं छापामारी दल में इंस्पेक्टर महेश प्रसाद, थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक किशोर, जितेन्द्र कुमार, विमल शर्मा, आरक्षी विरकेश कुमार सिंह और मनोज कुमार मोची शामिल थे।

## सरहुल पर्व: पूजा-अर्चना कर किया सखुआ फूल का वितरण



**पिछरी(बेरमो) (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी दक्षिणी पंचायत के पिपराडीह जाहेरथान में गुरुवार को सरहुल पूजा समिति, पिछरी की ओर से बाहा बोंगा (सरहुल) महोत्सव का आयोजन किया गया। जाहेरथान में नाया सुरेश मुर्मू, शिवकुमार मुर्मू, रूपलाल मुर्मू व भदरू मुर्मू ने सखुआ फूल, महुआ फूल, धधकी फूल से मारंगबुरू की पूजा की। इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता हुई। इसमें 11 टोला की समाज की पुरुष-महिलाएं व युवतियां परंपरागत वेशभूषा में सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहीत भाजपा नेता विक्रम पांडेय,आजसू पार्टी के बेरमो विधानसभा प्रभारी काशीनाथ सिंह, आजसु के केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, जिला अध्यक्ष सचिन महतो, झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिप सदस्य अशोक मुर्मू ने भी मांदर की थाप पर नृत्य किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि हम सभी को वातावरण की शुद्धता के लिए पेड़-पौधे लगाना होगा। भाजपा नेता विक्रम पांडेय, आजसू पार्टी के बेरमो विधानसभा प्रभारी काशीनाथ सिंह, आजसु के केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिप सदस्य अशोक मुर्मू ने कहा कि प्रकृति पर्व सरहुल लोगों को उत्साहित करने वाला और जनजातीय समुदाय के समृद्ध जीवन को दशार्ता है। आधुनिकता के इस दौर में सरहुल पर्व से हमें सीख मिलती है कि प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। इसे पूजने की जरूरत है।

## जरीडीह के तिलैया में सरहुल महोत्सव में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**कसमार (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे जरीडीह प्रखंड के तिलैया में गुरुवार को सरहुल महोत्सव मनाया गया। इस दौरान तिलैया के जाहेर थान में परंपरागत तरीके से मांझी हाड़ाम एवं नायके हाड़ाम के द्वारा पूजा अर्चना की गयी। तिलैया में आयोजित महोत्सव में टुंडी विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, झामुमो नेता संतोष रजवार, पूर्व मुखिया सिकंदर कपरदार, शिक्षक धनेश्वर मांझी, सोहेल अंसारी समेत अन्य प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान तिलैया में बंगाल से आयी महिला मंडली के कलाकारों द्वारा बाहा नाच की प्रस्तुति की गयी। कहा कि प्रकृति की खूबसूरती का संदेश देते सरहुल पर्व हम सभी को हमेशा खुश रहने का संदेश देता है। जाहेर थान में मांझी हड़ाम करमचंद मांझी व नायके हरिचरण सोरेन ने पूजा अर्चना कर बकरे की बलि चढ़ाई। मौके पर माणिक व अन्य सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर अपर समाहर्ता ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज वृहस्पतिवार को प्रखण्ड सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी विनोद कुमार भी उपस्थित हुए। उनके द्वारा प्रखंड स्तर पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड स्तर पर तैयार किए गए सभी प्रतिवेदनो एवं तैयारियों से अवगत कराया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके द्वारा सभी बीएलओ को छूटे हुए मतदाता को अभिलंब मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रपत्र 6 भरवा कर प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। साथ ही विलोपित किया जा रहे मतदाताओं के संबंध में नियमानुसार करवाई करते हुए इसका अभिलेख एवं कार्यवाही तैयार करने का निर्देश दिया। मतदान क्षेत्र में निबंधित सभी वीआईपी वोटर जैसे माननीय सांसद, विधायक, सम्मानित जनप्रतिनिधि का नाम मिलान कर सत्यापित कराने का निर्देश दिया गया। मतदाता सूची में एएसडी मतदाता को चिन्हित करने, 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता तथा दिव्यांग मतदाता को सूचीबद्ध कर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बीएलओ को प्रपत्र 12 डी का आवश्यकतानुसार वितरण कर उसकी पार्वती प्राप्त करने का निदेश दिया गया। सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सभी बीएलओ, निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

# कतरास में एचडीएफसी बैंक मील का पत्थर साबित होगा : चेतन गोयंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** कतरास राजगंज रोड एलआईसी कार्यालय के निकट गुरुवार को एचडीएफसी बैंक कतरासगढ़ शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल धनबाद के अध्यक्ष चेतन गोयंका ने फीता काटकर किया। श्री गोयंका ने कहा कि एचडीएफसी बैंक कतरास शाखा कतरास के व्यापारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कतरास के औद्योगिक क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक का काफी लाभ मिलेगा। यहां का उद्योग धंधा काफी बढेगा। उन्होंने कतरास में बैंक खोले जाने पर बैंक अधिकारियों को बधाई दी। एचडीएफसी के जोनल प्रमुख कुमार अभिषेक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में 92 ब्रांच है। एचडीएफसी के जिला कलस्टर प्रमुख रोहित कुमार सिंह ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कतरास के उद्योगपतियों से एचडीएफसी बैंक से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि कतरास में बैंक खोलने की योजना बहुत दिनों से चल रही थी आज वह सपना पूरा हुआ। एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि यहां के स्थानीय उद्योगपतियों एवं व्यापारियों का हर सुख सुविधा का ख्याल रखेंगे। मौके पर कांग्रेसी नेता अशोक लाल, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह, एरिया हेड मनोज रजक, सेल्स मैनेजर तापस दास, विराली दोशी, साजिद परवेज, संजीत कुमार,उदय वर्मा, सुषमा वर्मा, प्रीति वर्मा, रणधीर बर्मन, अनूप मित्तल, उत्कर्ष वर्मा, हरिश्चंद्र गुप्ता, किशन खंडेलवाल, शिल्पी शर्मा, सुब्रत लाल, राजू शर्मा, श्याम किशोर,अमित सिंह, मेवा लाल स्वर्णकार, मनोज गुप्ता, हरि अग्रवाल, विष्णु चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## गरीब किसान का बेटा हूं, हक के लिए आवाज उठाया हूं और उठाते ही रहूंगा : ढुल्लू महतो




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो विधायक के नेतृत्व मै बोकारो विधायक आवास पर धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो का जोर दार स्वागत व अभिनंदन किया। अभिनंदन कार्यक्रम में रोहितलाल सिंह, जयदेव राय, कमलेश राय, दिलीप श्रीवास्तव, आदि मौजूद रहे संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा मे राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूँ कि मुझे इस काबिल समझा कि क्षेत्र की समस्याओं को सदन तक उठा सकू। गरीब, किसान का बेटा हूँ जो हक के लिए आवाज उठाया आता रहा हूँ। गांव हो या शहर सबकी आवाज बनकर विरोधियों से लड़ा हूँ। तब मैं विधायक के बाद पार्टी ने मुझे सांसद के लिये प्रत्याशी बनाया है। भाजपा का हर कार्यकर्ता ढुल्लु महतो हैं जो गरीबो की मदद के लिये ततपर्य। संघर्ष ही हमारी पहचान पार्टी की पहचान। 2 सीट से आज 303 सीट पर बिना संघर्ष के मुनासिब नही। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि 2024 के सांसद चुनाव में बोकारो विधानसभा से ऐतिहासिक भूमिका रहेगी इस बार 2 लाख से अधिक मत बोकारो की जनता भाजपा को देगी। बोकारो विधानसभा क्षेत्र के हर घर केंद्रीय योजनाओं से लाभांवित है, गांव हो या शहर जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया हैं उनके किये गए कार्यो से।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गये स्व. गोपाल प्रसाद

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा स्थित गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय के संस्थापक सह प्रधानाध्यापक स्वर्गीय गोपाल प्रसाद दसौंधी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों सहित सभा में आये अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हवन पूजन करके लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। विधालय परिवार ने भंडारा का आयोजन कर लोगों को भोजन करवाया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रेणु राय ने उनके कुशल व्यक्ति पर प्रकाश डालते बताया कि आज ही के दिन पिताजी की मृत्यु हो गई थी। कि वे हम लोगों के साथ हैं उनकी कर्मठता, अनुशासन एवं समय का पालन शिक्षकों के लिए अनुकरणीय है। मौके पर जयदेव दशोधीं, पूर्व सांसद प्रतिनिधि दसौंधी, सिकंदर हुसैन, आदि लोग उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता




**बलियापुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज 28 मार्च को आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत बलियापुर प्रखण्ड अंतर्गत बड़ादाहा पंचायत में स्थित उच्च विद्यालय बड़ादाहा विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच ड्राइंग कंपीटिशन, निबंध प्रतियोगिता कराया गया। इसके अतिरिक्त बलियापुर प्रखंड अंतर्गत प्रधानखंटा पंचायत में दीदियों के द्वारा रैली निकाला गया। रैली के माध्यम से सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। तथा मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए शपथ दिलाया गया।

# 11वीं अनुभव प्रबंधन केस स्टडी प्रतियोगिता में बीएसएल विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** सेल का प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एम टी आई) रांची, एनएचआरडीएन रांची चैप्टर के सहयोग से हर साल अनुभव नामक प्रबंधन केस स्टडी प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जहां कामकाजी पेशेवरों, शिक्षाविदों और छात्रों से मूल प्रबंधन के कॉर्पोरेट और शैक्षणिक विषयों पर लेख आमंत्रित किए जाते हैं। 11वीं अनुभव प्रबंधन केस स्टडी प्रतियोगिता का फाइनल आज दिनाँक 28 मार्च 2024 को एनएचआरडीएन रांची चैप्टर के सहयोग से एमटीआई रांची द्वारा आयोजित किया गया। आठ टीमों ने निर्णायक मंडल के सामने अपने केस स्टडीज को प्रस्तुत किये बीएसएल और आरबीयू की टीमों को कॉर्पोरेट श्रेणी में क्रमशः विजेता और उपविजेता घोषित किया गया, जबकि आईबीएस हैदराबाद और सीएमओ की टीमों को अकादमिक श्रेणी में विजेता और उपविजेता घोषित किया गया। बीएसएल की तरफ से श्री सौरभ सिंह , सुश्री स्नेहा राजू तथा सुश्री तनु प्रिया की टीम कॉर्पोरेट श्रेणी में विजयी रही। निदेशक (कार्मिक) सेल और अधिशासी निदेशक (एचआरडी), एमटीआई ने सभी फाइनलिस्टों को बधाई दिया।

"सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**-:आम सूचना:-**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16.03.2024 को आदर्श आचार संहिता लागु कर दी गयी है। लोकसभा आम चुनाव, 2024 में पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत जिले के हेल्पलाईन नं0 1950 (06525–225043) को चार Hunting Line यथा:–1 06525–225043, 2. 06525–299921,3. 06525–299968, एवं 06525–299980 को 1950 के साथ Connect कर दिया गया है।

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं अथवा निर्वाचन से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

उप निर्वाचन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 323361 Election (23-24)_D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय :– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा।**
**(MCMC कोषांग)**

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification & Monitoring Committee - MCMC) का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में किया गया है।

- यह जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) जिला जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना भवन), कोडरमा में कार्यरत्त है। जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) प्री–सर्टिफिकेशन का कार्य करेगी तथा पेड न्यूज पर कडी निगरानी रखेगी।
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के सामाग्री के प्रसारण के पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से पूर्वानूमति आवश्यक होगी।
- कोई भी राजनितिक दल/प्रत्याशी/कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/एशोसिएशन/ ऑर्गनाईजेशन/ट्रस्ट अगर इलेक्ट्रानिक मीडिया पर कोई भी विज्ञापन का प्रसारण करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। पजीकृत (Registered) राजनीतिक दल के प्रत्याशी को विज्ञापन प्रसारण की तिथि से तीन दिन पूर्व एवं संगठन, अपंजिकृत (Unregistered) राजनीतिक दल, व्यक्ति को विज्ञापन प्रसारण की तिथि के सात दिन पूर्व Media Certification and Monitoring Committee से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु (MCMC) द्वारा Pre-Certification अनिवार्य होगा। इसके लिए विज्ञापन प्रसारण तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व MCMC को आवेदन समर्पित करना अनिवार्य होगा।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज– 1. आवेदन प्रपत्र 2. दो–दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन का हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी 3. दो स्व–अभिप्रमाणित प्रति हार्ड कॉपी 4. प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत 5. विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगी, उनकी विवरणी।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR 323402 Election(23-24)D

# भर्तृहरि और सिद्धांत बीजेपी में हुए शामिल




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भर्तृहरि महताब और सिद्धांत महापात्र ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय में औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हुए। भर्तृहरि महताप ने 22 मार्च को बीजू जनता दल (बीजेडी) से इस्तीफा दिये। इसी तरह बीजेडी के पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र भी बीजेपी में सामिल हुए। सिद्धांत इससे पहले 2 कार्यकाल के लिए ब्रह्मपुर से बीजेडी के सांसद के रूप में चुने गये थे। भर्तृहरि और सिद्धांत के अलावा पद्मश्री दमयंती बेश्रा भी भाजपा में शामिल हो गयी हैं। वह दिल्ली में प्रदेश पार्टी अध्यक्ष मनमोहन सामल, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

इसी तरह पिछले 2 दिनों से चर्चा चल रही थी कि सिद्धांत महापात्र भाजपा में शामिल होंगे। सिद्धांत ने 2009 और 2014 का चुनाव बीजेडी के टिकट पर लड़ा और जीत हासिल की।

हालांकि 2019 में सिद्धांत को पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन कुछ महीने पहले सिद्धांत ने फिर से निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करना शुरू कर दिया और उनके चुनाव मैदान में उतरने की चर्चा थी।

# नालको ने एल्यूमिनियम मिश्र धातु इंगॉट के रूप में नये उत्पादन एएल-59 को लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनुगुल/भुवनेश्वर।** नालको ने एल्यूमिनियम मिश्र धातु इनगॉट के रूप में एक नया उत्पाद एएल-59 उतारा है। भारत सरकार की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के आने के बाद एएल59 मुख्य रूप से विद्युत पारेषण और वितरण के लिए कंडक्टरों के उत्पादन में लाया गया है। यह मिश्र धातु कंपनी के लिए कंडक्टर बनाने वाले विशिष्ट बाजार उपलब्ध करायेगा। एएल59 मिश्र धातु कंडक्टरों का उपयोग व्यापक वोल्टेज रेंज (कम से अल्ट्रा-हाई वोल्टेज) के लिए विद्युत ट्रांसमिशन और वितरण लाइनों में किया जाता है और उनके उच्च संक्षारण प्रतिरोध के कारण वे विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में ट्रांसमिशन और वितरण में लगाने हेतु बहुत उपयुक्त होते हैं। निर्माता अब नालको के एएल-59 एल्यूमिनियम मिश्र धातु इनगॉट को खरीद सकते हैं और इसे एएल-59 कंडक्टर के निर्माण के लिए फीड-स्टॉक के रूप में उपयोग कर सकते हैं।



उत्पाद को 28.03.2024 को पहले ग्राहक के वरिष्ठ अधिकारी और नालको के प्रद्रावक व विद्युत संकुल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में निदेशक (वाणिज्यिक) सदाशिव सामंतराय द्वारा लॉन्च किया गया। श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने नये उत्पाद के लॉन्च के लिए प्रद्रावक और विपणन टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह भविष्य की प्रकृति के अनुकूल है।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : No : EL/Proj/DNR/ETEN/03/23-24 दिनांक– 28.03.2024.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : "Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25KV feeder line along the track with 25KV OHE modification works to meet 3000 MT loading target for UP & DN line of Son Nagar Jn.- Garwa Road Section of DDU Divission under E.C. Railway (Total 92/375 RKM/TKM)." 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹120,95,34,448.36, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹61,97,700.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 07.05.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 21.05.2024 को 15:00 बजे। 6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर

पीआर/02656/आरपी/विद्युत/टी/23–24/40


## हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कमिश्नरेट पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपराध करने से पहले उनके कब्जे से मैंगनीज और गोली के साथ पांच पिस्तौल बरामद की है। पुलिस कमिश्नर संजीब पंडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी। दो अभियुक्तों की पहचान खंडगिरी के सूरज परिडा और सोर क्षेत्र के तपोधर नायक के रूप में की गयी है।

## बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** बेंगुलुरु के रामेश्वरम कैफै ब्लास्ट की जांच कर रही एनआइए टीम ने गुरुवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान मुजम्मिल शरीफ के रूप में हुई है। मुजम्मिल ने ब्लास्ट के दो मुख्य आरोपियों मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा को ब्लास्ट से जुड़ा सामान मुहैया कराया था। मुजम्मिल को पकड़ने के लिए एनआइए ने तीन राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में कुल 18 जगहों पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान कुछ कैश के साथ विभिन्न डिजिटल डिवाइस भी जब्त किये गये।

# ओड़िशा में धूप-बारिश का पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में अगले पांच दिनों तक धूप और बारिश होने की संभावना है। उत्तरी तटीय ओड़िशा में वज्रपात की संभावना है। ओड़िशा के अंदरूनी इलाकों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को इसकी पूर्वानुमान की है। अब राज्य में कुछ जगहों पर पश्चिमी झड़ का असर रहेगा। इसके चलते आंधी-तूफान और बिजली गिरने और बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। 6 जिलों में बिजली गिरने की येलो अलर्ट जारी की गयी है। बालेश्वर, मयूरभंज, क्योंझर, सुंदरगढ़ और




जाजपुर में अलर्ट जारी किया गया है। 30, 31, 1 और 2 अप्रैल को बारिश और वज्रपात की संभावना है। आभ्यंतरीण ओडिशा में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। अगले 2 दिनों के दौरान बादल रहित आसमान के साथ वातावरण में शुष्कता बढ़ने की संभावना है। आंतरिक आभ्यंतरीण ओड़िशा में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा 30 तारीख को 11 जिलों बलांगीर, टिटिलागढ़, सुंदरगढ़, मालकानगिरी, बौध, अंगुल, संबलपुर, झारसुगुड़ा, भवानीपटना, रायगढ़ा और गजपति में पारा 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।

# वकील को फंसाने चले थे पूर्व आइपीएस संजीव भट्ट 20 साल की जेल की सजा और दो लाख का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** गुजरात के पूर्व आइपीएस अधिकार संजीव भट्ट को ड्रग्स रख कर वकील को फंसाने के मामले में 20 साल जेल और 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गयी है। एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें इस केस में दोषी करार दिया था। गुरुवार को अदालत ने सजा का ऐलान किया। यह दूसरा केस है जिसमें भट्ट को सजा सुनायी गयी है। इससे पहले हिरासत में मौत के मामले में दोषी करार दिये गये पूर्व पुलिस अफसर को उम्रकैद की सजा सुनायी जा चुकी है।

गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर शहर की एक सत्र अदालत ने भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के ड्रग्स केस में बुधवार को भट्ट को दोषी करार दिया था। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जे एन ठक्कर ने भट्ट को राजस्थान के एक वकील को झूठा फंसाने का दोषी ठहराया। उस समय भट्ट जिले में एसपी के रूप में तैनात थे। तब पुलिस ने राजस्थान के वकील सुमेरसिंह राजपुरोहित को 1996 में एनडीएस ऐक्ट में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने यह दावा किया था कि पालनपुर के एक होटल में वकील के कमरे से ड्रग्स बरामदगी हुई थी। राजस्थान पुलिस ने हालांकि बाद में कहा कि राजपुरोहित को बनासकांठा पुलिस ने राजस्थान के पाली में



स्थित एक विवादित संपत्ति को ट्रांसफर करने के वास्ते दबाव बनाने के लिए झूठा फंसाया था। अदालत ने भट्ट को दोषी करार दिया।

पूर्व पुलिस निरीक्षक आइबी व्यास ने मामले की गहन जांच का अनुरोध करते हुए 1999 में गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया था। भट्ट को राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआइडी) ने सितंबर 2018 में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थ मामले में गिरफ्तार किया था और तब से वह पालनपुर उप-जेल में हैं। पिछले साल, पूर्व आइपीएस अधिकारी ने 28 साल पुराने मादक पदार्थ मामले में पक्षपात का आरोप लगाते हुए मुकदमे को किसी अन्य सत्र अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सबसे बड़ी अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने निचली अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग के लिए निर्देश भी मांगे थे। भट्ट को 2015 में भारतीय पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।







# रेलमंत्री ने दिखाया भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए बना ट्रैक, रफ्तार होगी 320 किमी प्रतिघंटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए बन रहे खास तरह के ट्रैक की पहली झलक दिखायी है। अपने एक्स हैंडल से उन्होंने इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने देश के पहले बैलेस्टलेस ट्रैक की खूबियां बतायीं। गुजरात-मुंबई के बीच बनने वाले इस ट्रैक के बारे में वीडियो में विस्तार से जानकारी दी गयी है। साथ ही एनिमेटेड तरीके से इसमें बुलेट ट्रेन के दौड़ने के दृश्य भी शामिल किये गये हैं।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'मेक इन इंडिया' के तहत बने ये



ट्रैक बैलेस्टलेस हैं यानी ऐसे ट्रैक, जिनमें तेज रफ्तार ट्रेनों के भार को सहने के लिए पटरियों में रोड़ी-पत्थर और कॉन्क्रीट के एंगल की जरूरत नहीं होती।

रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि इस ट्रैक पर रफ्तार 320 किमी प्रतिघंटा तक होगी। इनमें 153 किलोमीटर वायाडक्ट का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा 295.5 किमी का पीयर वर्क भी पूरा हो चुका है।

## वीडियो में दी जानकारी

वीडियो में बताया गया है कि यह विशिष्ट ट्रैक सिस्टम- जे-स्लैब बैलेस्टलेस ट्रैक सिस्टम प्रयोग में लाया जा रहा है। इस ट्रैक सिस्टम के मुख्यत: चार भाग हैं। वाया डक्ट के ऊपर आरसी ट्रैक बेड, सीमेंट-असाफाल्ट और मोर्टार की परत, इसके अलावा पहले से सांचे में ढाले हुए स्लैब और फास्टनर्स के साथ रेल भी। वीडियो में बताया गया है कि प्री-कास्ट आरसी ट्रैक स्लैब का निर्माण देश में ही दो स्थानों पर किया जा रहा है। गुजरात के आणंद में और किम में। लगभग 35 हजार मीट्रिक टन रेल आ चुकी हैं। निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है।












# 238 बार चुनाव लड़ा, हर बार हारे पद्मराजन

- नरसिम्हा और अटल के खिलाफ भी लड़ चुके हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे है। तमिलनाडु के पद्मराजन भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पद्मराजन ने अपने जीवन में स्थानीय चुनाव से लेकर राष्ट्रपति पद तक 238 बार चुनाव लड़ा, लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पद्मराजन को इलेक्शन किंग और वर्ल्ड बिगेस्ट इलेक्शन लूजर की उपाधि मिली है। 65 साल के पद्मराजन टायर की दुकान के मालिक हैं। उन्होंने पहली बार 1988 में तमिलनाडु के अपने गृह नगर मेट्टूर से चुनाव लड़ा था। वे पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे बड़े नेताओं के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके है। इस बार वे तमिलनाडु के धर्मपुरी से चुनाव लड़ रहे हैं।



### लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में है नाम

**पद्मराजन ने भारत के सबसे असफल उम्मीदवार के रूप में अपनी पहचान बनायी है। उन्होंने भले ही कोई चुनाव न जीता हो, लेकिन लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम जरूर दर्ज करा लिया है। पद्मराजन ने अपने चुनावी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में किया था। तब उन्होंने मेट्टूर विधानसभा से चुनाव लड़ा और उन्हें 6,273 वोट मिले। इसमें विजेता को 75 हजार से ज्यादा वोट मिले थे।**

**पहली बार चुनाव लड़ा तो लोगों ने उड़ाया मजाक :** कंधे पर चमकदार शॉल लपेटे हुए और मूछों पर ताव देते हुए पद्मराजन कहते हैं- जब मैंने पहली बार चुनाव के लिए नामांकन भरा तो लोग मुझ पर हंस रहे थे, लेकिन मैं चुनाव में भाग लेकर साबित करना चाहता था कि आम आदमी भी चुनाव लड़ सकता है।

**मुझे अपनी हार का सिलसिला बढ़ाने की चिंता है :** पद्मराजन ने कहा- मेरे सामने कौन उम्मीदवार है, मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। मुझे बस अपनी हार का सिलसिला आगे बढ़ाना है। हालांकि यह इतना आसान नहीं है। उनका ये भी कहना है कि नामांकन के नाम पर 30 सालों में मेरे एक करोड़ से ज्यादा खर्च हो गए हैं। पद्मराजन की चिंता है कि वह चुनाव लड़ने के अपने शौक को कब तक जारी रख पायेंगे। चुनाव लड़ने के लिए 25,000 रुपये की जमानत राशि जमा करानी पड़ती है। कम से कम 16% से ज्यादा वोट लाने पर ही जमानत राशि वापस मिलती है। टायर की दुकान चलाने वाले पद्मराजन होम्योपैथिक इलाज भी करते है। इसके अलावा वे मीडिया पर्सन भी हैं और एक संपादक के तौर पर कार्य करते है। पद्मराजन हर चुनाव के समय नामांकन पत्रों का रिकॉर्ड भी रखते है।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**